P372


आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650




छठ पर्व आज से शुरू..

सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत



राष्ट्रपिता को नमन...

dainikindoresanket24@gmail.com | इंदौर, शनिवार 25 अक्टूबर 2025 | ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 295 ■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

2 नई पीढ़ी देखती है, सुनती है लेकिन पढ़ती नहीं- घोषाल

5 कोहली अभी संन्यास नहीं लेंगे-गावस्कर

6 महामंत्री रणदिवे ने वरिष्ठ नेताओं से लिया आशीर्वाद




# पदाधिकारियों के बाद अब निगाहें निगम मंडलों पर

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● मध्यप्रदेश में भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों की नियुक्ति के बाद अब नेताओं में निगम और मंडल में नियुक्तियों को लेकर चर्चाओं का दौर चालू हो गया है। भारतीय जनता पार्टी में इसको लेकर काफी मंथन जारी है। कहा जा रहा है कि अब इसके लिए बीजेपी ने एक खास रणनीति पर आगे बढ़ने की योजना बनाई है। सूत्रों के मुताबिक, निगम मंडल के लिए पार्टी अपने कई वरिष्ठ नेताओं और पूर्व मंत्रियों पर भरोसा जताने जा रही है। इस सूची में पूर्व मंत्रियों को तो तवज्जो मिलेगी ही साथ ही साथ पांच पूर्व विधायकों का भी इस सूची के जरिए प्रमोशन हो सकता है। सभी नियुक्तियों में क्षेत्रीय संतुलन का विशेष तौर पर ध्यान रखा जाएगा।

## निगम मंडल की सूची के नाम लगभग फाइनल

जिला स्तर की कार्यकारिणी की लगातार घोषणा कर रही है। अब महज कुछ जिले बचे हैं, जिसमें जिला कार्यकारणी का गठन होना है। सूत्रों के अनुसार इसमें निगम मंडल में लिए जाने वाले नेताओं को अलग रखा गया है। हेमंत खंडेलवाल की कार्यकारिणी में संगठन क्षमता वाले नेताओं को आगे बढ़ाने की रणनीति पर काम किया है। वही निगम मंडल में प्रमोशन की आस लिए बैठे नेताओं को जगह मिलने वाली है। साथ ही साथ जिला स्तर पर प्राधिकरण और नगरीय निकायों के एल्डरमैन पदों को भी जल्द भर दिया जाएगा।

## पूर्व मंत्रियों को निगम-मंडल में मिलेगी जगह!

निगम-मंडल अध्यक्ष पदों के लिए जिन पूर्व मंत्रियों के नाम लगभग तय माने जा रहे है उनमें रामनिवास रावत, महेंद्र सिंह सिसोदिया, राजवर्धन सिंह दत्तीगांव, उमाशंकर गुप्ता, अरविंद भदौरिया, कमल पटेल और अंचल सोनकर के नाम प्रमुख हैं। पार्टी का मानना है कि इन नेताओं के अनुभव और प्रशासनिक पकड़ का फायदा आने वाले वक्त की चुनौतियों से निपटने में रामबाण साबित होगा।

## कई पूर्व विधायकों का होगा प्रमोशन!

भाजपा इस बार पूर्व विधायकों को भी निगम-मंडल में लाकर प्रमोट कर सकती है, की जिम्मेदारियों में शामिल करने का मन बनाया है। लिस्ट में पांच

## सूची के नाम लगभग फायनल

पूर्व विधायकों के नाम प्रमुख रूप से शामिल हैं। इनमें मंदसौर से पूर्व विधायक यशपाल सिसौदिया, भोपाल मध्य से पूर्व विधायक ध्रुव नारायण सिंह, सेमरिया से पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, टीकमगढ़ से पूर्व विधायक राकेश गिरी और खाचरोद से पूर्व विधायक दिलीप शेखावत के नाम सामने आ रहे हैं। माना जा रहा है कि इन पूर्व विधायकों को मौका देने से पार्टी और मजबूत होगी।

### संगठन-सरकार के बीच तालमेल

निगम-मंडल की नियुक्तियों में सत्ता और संगठन की झलक भी साफ दिखेगी। मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के बीच मंथन हो चुका है। जिसके बाद सिर्फ अनुभवी नेताओं, बल्कि सक्रिय पूर्व विधायकों को भी शामिल किया जाएगा। इससे सरकार और संगठन दोनों को फायदा होगा और आने वाले चुनावों की तैयारियों में मजबूती मिलेगी।

### इंदौर से खुल सकती है इनकी लॉटरी

प्रदेश संगठन में स्थान नहीं पा सके इंदौर के अनेक नेता ऐसे है, जो अब निगम मंडल के साथ-साथ इंदौर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की दौड़ में भी लग गए हैं। इनमें सबसे प्रमुख पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती और सुदर्शन गुप्ता शामिल है। इसके साथ नगर अध्यक्ष पद से वंचित टीनू जैन और मुकेश रजावत भी दौड़ में बताए जाते हैं। अन्य पिछड़ा वर्ग के बड़े नेता के रूप में अपने आपको प्रचारित करने वाले नानूराम कुमावत भी लालबत्ती के लिए दिल्ली-भोपाल एक किए हुए हैं। सूत्रों के अनुसार निगम मंडलों के पदों के लिए पूर्व नगर अध्यक्ष और पूर्व विधायक गोपीकृष्ण नेमा के साथ आईडीए के पूर्व उपाध्यक्ष हरिनारायण यादव भी इंदौर विकास प्राधिकरण के लिए अपना जोर लगाए हुए हैं।

### ब्रेकिंग न्यूज

- 25 नवंबर से शुरू होगा असम विधानसभा का शीतकालीन सत्र
- बांग्लादेश: नवंबर या दिसंबर में घोषित हो सकता है चुनावी कार्यक्रम
- महरौली के बाद नांगलोई में एनकाउंटर, मुठभेड़ में तीन बदमाश घायल
- दिल्ली के महरौली में पुलिस और वांछित अपराधी के बीच मुठभेड़, एक पुलिसकर्मी के हाथ में लगी चोट
- अमित शाह आज बिहारशरीफ, मुंगेर और खगड़िया में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे
- तुर्की की मेजबानी में इस्तांबुल में आज अफगानिस्तान-पाक की बैठक

छठ पर्व प्रारंभ...



लोक आस्था का महापर्व छठ नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया है। व्रती महिलाएं नदियों में स्नान कर शुद्ध भोजन ग्रहण कर रही हैं

# छठ पूजा : मिट्टी के चूल्हे पर बनेगा भोजन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● छठ महापर्व की शुरुआत शनिवार को नहाय-खाय से होगी। कठिन व्रत की शुरुआत से पहले सभी व्रत करने वाले व्रती मिट्टी के चूल्हे पर बने परंपरागत भोजन (अरवा चावल) को ग्रहण करेंगे। ये चूल्हे खासतौर से नदी की मिट्टी से तैयार करवाए जाते हैं। रविवार को खरना पूजा के प्रसाद के साथ ही 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू होगा। छठ पूजा के लिए शहरभर में बने घाटों की सफाई और रंगरोगन किया जा रहा है।

### मध्यप्रदेश शासन का बड़ा फैसला

# अब एसएलआर बने तहसीलदार व एसएलआर बने नायब तहसीलदार

## राज्य शासन ने जारी किया आदेश, प्रशासनिक ढांचे में बड़ा बदलाव

**दैनिक इंदौर संकेत**

**भोपाल** ● राज्य शासन ने राजस्व विभाग के प्रशासनिक ढांचे में बड़ा बदलाव करते हुए अधिक्षक भू अभिलेख (एसएलआर) व सहायक अधिक्षक भू अभिलेख (एएसएलआर) को क्रमशः तहसीलदार और नायब तहसीलदार पद में मर्ज कर दिया है। जिसके आदेश भी जारी कर दिया गया है।

23 अक्टूबर 2025 को मध्यप्रदेश शासन ने एक महत्वपूर्ण आदेश जारी करते हुए अधीक्षक भू-अभिलेख (एसएलआर) एवं सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख (एएसएलआर) के पदों को क्रमशः तहसीलदार और नायब तहसीलदार के समकक्ष घोषित किया है। यह आदेश राजपत्र भाग-1 दिनांक 12 सितंबर 2025 में प्रकाशित अधिसूचना के अनुरूप जारी किया गया है। शासन ने निर्देश दिया है कि संबंधित सभी जिलों व पंचायत स्तर पर आवश्यक संशोधन और अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। यह आदेश राजस्व न्यायालयों में काफी लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण ओर राजस्व न्यायालयों में आम जनता के लगने वाले समय को देखते हुए लिए जाने वाला बताया जा रहा है । शासन अपनी न्यायालय कार्य ओर लॉं एंड आर्डर के कार्यों के लिए अलग अलग व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य कर रही है । ऐसा होने से आम जनता को तहसील कार्यालय के अनावश्यक चक्कर काटने से मुक्ति मिलेगी।

### हनी ट्रैप पर थाने के खुफिया स्क्वाड के खुफिया सेटलमेंट पर गिरी गाज : अजय वर्मा टीआई से बने सब इंस्पेक्टर, धीरज शर्मा बने एएसआई से सिपाही

# एक पेपर की कतरन ने 934 इनाम पाने वाले अधिकारी का सितारा उतरवाया

**कलम से कानून तक**

**ज्ञानेन्द्र पटेल**


एमआईजी थाने के चर्चित हनी ट्रैप प्रकरण से जुड़ी विभागीय जांच का परिणाम सामने आया है। 2022 में अनाज व्यापारी रवि अग्रवाल से कथित रूप से 20 लाख रुपये की वसूली के मामले में थाना प्रभारी अजय वर्मा को दोषी पाया गया है। हालांकि जांच में उनके विरुद्ध प्रत्यक्ष वसूली का आरोप सिद्ध नहीं हुआ, फिर भी अधीनस्थों पर नियंत्रण के अभाव के चलते उन्हें डीएसपी से पदावनत कर सब इंस्पेक्टर बना दिया गया है। मार्च 2022 में रवि अग्रवाल के विरुद्ध एमआईजी थाना, इंदौर में एक महिला द्वारा शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण की शिकायत दी गई थी। उस समय अजय वर्मा थाना प्रभारी थे और थाना में लगभग 70 कर्मचारियों का स्टाफ कार्यरत था। इसी दौरान थाना के एक कर्मचारी द्वारा व्यापारी से 20 लाख रुपये की मांग और सेटलमेंट किए जाने की छपी एक खबर और पेपर की कतरन ने विभागीय जांच चालू करवा दी।

इस बात को हम और गंभीरता से समझ सकते हैं की जब किसी थाने के पुलिसकर्मी पर पैसे के लेनदेन का आरोप लगता है तो हम यह मान बैठते हैं कि पूरा थाना ही पैसे के लेनदेन की बात करता होगा, इसे इस तरह भी देखा जा सकता है की यदि एक आरक्षक पैसे मांगने का अपराध करता है तो माना जा सकता है कि उसने थाना प्रभारी के कहने पर ही किया होगा, मगर कोई भी विभागीय जांच केवल मानने से नहीं बल्कि सुसंगत तथ्यों के आधार पर की जाती है। ऐसी ही एक जांच का रिजल्ट कल आया जिसमें शिकायत का आधार एक पेपर की कतरन और 20 लाख रुपए की वसूली था, शारीरिक शोषण की शिकायत के बाद एक लंबी विभागीय जांच का दौर चला और जांच में दोषी ठहराए गए थाना प्रभारी अजय वर्मा और एएसआई धीरज शर्मा को नीचे के पद पर धकेल दिया गया। पेपर की कतरन में इस बात का उल्लेख होगा ही... कि कैसे अजय वर्मा ने उनसे 20 लाख रुपए मांगे। साथ ही विभागीय जांच समिति के पास मजबूत साक्ष्य और साक्षी भी होंगे कि किस तरह अजय वर्मा ने 20 लख रुपए रवि अग्रवाल से प्राप्त किए, क्योंकि ब्लैकमेलिंग और रिश्वतखोरी में डिमांड तो होती ही है तो डिमांड और सप्लाई के इस खेल को विभागीय जांचकर्ताओं ने अच्छी तरह पकड़ ही लिया होगा, तभी तो डीएसपी बनने वाले तीन सितारा अधिकारी को सब इंस्पेक्टर बना दिया गया।

## रेप की शिकायत से लेकर 20 लाख की वसूली का खेल आखिर किसने खेला?

अनाज व्यापारी हनी ट्रैप में फंसकर वसूली का शिकार हो गए। मामला 2022 का है, जब रवि अग्रवाल नाम के व्यक्ति पर रेप का आरोप लगाते हुए शिकायत एमआईजी थाना में दर्ज कराई गई उस समय थाना प्रभारी अजय वर्मा 70 लोगों के स्टाफ के साथ थाना संभाल रहे थे। 70 के स्टाफ में से एक ने 20 लाख की डिमांड की और सेटलमेंट भी हो गया। इसके बाद सेटलमेंट का पूरा ठीकरा अजय वर्मा के सर फोड़ दिया गया, क्योंकि उनका नियंत्रण अपने स्क्वाड पर नहीं था। 20 लाख रुपए जैसी बड़ी रकम का लेनदेन भी हुआ और पुलिस कमिश्नर साहब को इसकी शिकायत भी हुई। मामले की जांच करवाई गई और जांच में पूर्व आरक्षक गोविंद के खिलाफ आरोप सही पाए गए और उसके पश्चात उसे पुलिस सेवा से बर्खास्त कर दिया गया।

### विभागीय जांच में अजय वर्मा पर एक रुपए की भी वसूली का आरोप नहीं लगा



*विभागीय जांच को अगर देखें तो निरीक्षक अजय वर्मा के विरुद्ध कुल तीन आरोप लगाए गए हैं जिसमें जांच नस्तीबद्ध करने में दक्षता की कमी, थाना के अधीनस्थों पर नियंत्रण का अभाव और थाना के अधीनस्थों के द्वारा उनके कर्तव्यों के उचित रूप से पालन करने के उत्तरदायी की भूमिका में कमजोरी है परंतु पूरे विभागीय जांच में अजय वर्मा के ऊपर 20 लाख की वसूली का आरोप नहीं लगा है। अवैध वसूली का आरोप आरक्षक गोविंद द्विवेदी और सहयोगी उप निरीक्षक धीरज धीरज शर्मा पर लगाया गया है ।यहां सबसे बड़ी बात यह निकाल कर आती है की आवेदिका तो थाना प्रभारी के सामने उपस्थित ही नहीं हुई।*

## नियंत्रण के अभाव में उतर गया सितारा

2022 में हनी ट्रैप में फंसा कर ब्लैकमेलिंग के आरोप में आरोपी से 20 लाख की वसूली के लिए अजय वर्मा दोषी ठहराए गए हैं। थाना के अधीनस्थों पर नियंत्रण का अभाव उनके दोष का कारण बना गया। उस समय एमआईजी थाने के 70 लोगों के स्टाफ के साथ काम कर रहे अजय वर्मा को प्रत्येक पुलिसकर्मी के पीछे जा-जाकर यह देखना चाहिए था कि कहीं कोई उगाही तो नहीं कर रहा है। ठीक उसी तरह जिले के कप्तान को हर थाने में जाकर यह देखना चाहिए कि कोई थाना प्रभारी उगाही तो नहीं कर रहा है। क्योंकि यदि थाने के किसी भी पुलिसकर्मी द्वारा की गई उगाही के लिए जिम्मेदार थाना प्रभारी है तो इस आदर्श पर किसी भी थाना प्रभारी द्वारा किए गए उगाही के लिए जिले का कप्तान भी जिम्मेदार होना चाहिए। इस आदर्श को और अधिक सीमा तक ले जाया जाए तो यह भी निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि राज्य के किसी भी कप्तान द्वारा की गई उगाही पर गृहमंत्री जिम्मेदार होंगे। खैर आदर्श तो आदर्श होते हैं परंतु सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि 20 लाख रुपए से अधिक का सेटलमेंट हो जाने पर उस रुपए की वसूली किससे की जाएगी।

## अजय वर्मा ने कहा - मुझ पर भ्रष्टाचार के आरोप नहीं हैं लाखों रुपए के लेन-देन की बात फर्जी



अजय वर्मा ने दैनिक इंदौर संकेत से बातचीत के दौरान कहा कि मुझ पर भ्रष्टाचार के आरोप नहीं है। कमिश्नर साहब न्याय प्रिय अधिकारी है जिनके आदेश का मैं सम्मान करता हूं। आदेश में जो कमियां है उसके संबंध में श्रीमान पुलिस महानिदेशक को मैं अपील कर रहा हूं मुझे अपने विभाग से एवं न्याय प्रणाली से न्याय मिलने का पूरा विश्वास है।

### रेप का आरोप और वसूली की शुरुआत का पूरा घटनाक्रम

*03/03/2022 को पीड़िता ने रवि अग्रवाल के विरुद्ध थाने में शिकायत पत्र दिया जिसमें आरोपी के द्वारा शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करना लेख किया गया मगर दिलचस्प बात यह है कि शिकायत लेकर आरक्षक गोविंद पहुंचा। जांच में यह बात प्रधान आरक्षक संजय मिश्रा ने बताई की गोविंद महिला का आवेदन पत्र लेकर आया था और धीरज शर्मा को मार्क कर देने के लिए कहा। महिला के कथन भी लिए गए मगर एफआईआर दर्ज नहीं हुई। शिकायती आवेदन को पटक कर रखा गया और सेटलमेंट के बाद राजीनामा लेख लिखाकर सारे मामले को खत्म कर दिया गया। इसके बाद विभागीय जांच की प्राथमिक जांच किसी शिकायती आवेदन पत्र के आधार पर प्रारंभ नहीं की गई न ही किसी विशेष व्यक्ति द्वारा दिए गए किसी आवेदन पत्र के आधार पर शुरू हुई। पूरे प्रकरण की जांच एक पेपर की कतरन के आधार पर प्रारंभ की गई और प्राथमिक जांच कर्ता अधिकारी द्वारा जांच के दौरान संबंधित अखबार के संपादक के कथन भी नहीं लिए गए।*

# नई पीढ़ी देखती है, सुनती है लेकिन पढ़ती नहीं- घोषाल

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक जयंतो घोषाल ने कहा कि पत्रकारिता की नई पीढ़ी देखती है, सुनती है लेकिन पढ़ती नहीं है। यह पीढ़ी सोशल मीडिया को ही सबकुछ मान बैठी है। प्रिंट मीडिया का असर कम होने की वजह भी यही है। घोषाल स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. के 'रूबरू' कार्यक्रम में मीडियाकर्मियों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पुरानी पीढ़ी के पत्रकार खूब पढ़ते थे और फिर असरकारक लिखते थे। लेकिन नई पीढ़ी नालेज बेस जर्नलिज्म को छोड़कर एआई, मेटा, जैमिनी, चेट-जीपीटी को सबकुछ मान बैठी है। बेहतर पत्रकारिता के लिए पुराने और नए दौर की अच्छी बातों को लेकर काम करना चाहिए।

पत्रकारिता के गिरते स्तर के सम्बन्ध में श्री घोषाल ने कहा कि हर दौर में लगता है कि पत्रकारिता का स्तर गिर रहा है लेकिन इसमें नया कुछ नहीं है। हर दौर में अलग-अलग किस्म की चुनौतियाँ होती हैं। भ्रष्टाचार पहले भी था और अभी भी है। राजनीति का क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं है। पं जवाहरलाल नेहरु, इंदिरा गाँधी से लेकर अनेक प्रधानमंत्रियों ने छोटे-मोटे भ्रष्टाचार के चलते बड़े-बड़े मंत्रियों को बाहर का रास्ता दिखाया है। अब बड़े भ्रष्टाचार भी मुद्दा नहीं बनते।

**पं बंगाल में टीएमसी की सरकार बनना तय**- पश्चिम बंगाल के संदर्भ में उन्होंने कहा कि भाजपा ने वहां अपने विस्तार के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रखा है लेकिन इस बार भी वहां टीएमसी की सरकार बनना तय है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्य है कि 30 साल तक राज करने वाली सीपीएम और देश की बड़ी पार्टी कांग्रेस का 294 सदस्यीय विधानसभा में एक भी सदस्य नहीं है। एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने बताया कि ममता बनर्जी ने अनेक जिलों में मंदिरों की स्थापना की है और नवदुर्गा पंडालों को मदद भी बढाई है।



**राहुल गांधी मोदी के सामने बच्चे हैं**-कांग्रेस के संदर्भ में घोषाल ने कहा कि सोनिया गांधी की सूझ-बूझ से कांग्रेस अपना सर्वोच्च पा चुकी है। राहुल गांधी बेहतर इंसान है लेकिन राजनीति में असफल हैं। नरेन्द्र मोदी के सामने वे बच्चा है। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी को एंटी इनकम्बेंसी को न्यूट्रल करने का जादू आता है इसलिए आज भी विपक्ष के मंसूबे सफल होते नज़र नहीं आते। उन्होंने भाजपा संगठन की भी तारीफ करते हुए कहा कि चुनाव हारने के अगले दिन से ही उनका संगठन फिर से नए लक्ष्य को प्राप्त को करने की दिशा में बढ़ जाता है जबकि कांग्रेस में नामांकन के दिन तक सिर्फ फुट्टवल चलती रहती है।

गोदी मीडिया के संदर्भ में घोषाल ने कहा कि हाल ही में उन्होंने अडानी समूह के एनडीटीवी में बतौर कंसल्टिंग एडिटर ज्वाइन किया है। छः माह के कार्यकाल में उन्हें कभी पक्षपात करने का संकेत भी नहीं दिया गया। मीडिया जगत में गोदी मीडिया की बातें खूब चलती हैं लेकिन किस पत्रकार को एक्सक्लूसिव स्टोरी करने से रोका गया है? पत्रकारों ने विशेष और खोजपरक पत्रकारिता ही बंद कर दी है।

### बिहार चुनाव में पीके की भूमिका महत्वपूर्ण

राजनीतिक विश्लेषक घोषाल ने कहा कि बिहार चुनाव में जन सुराज पार्टी के प्रशांत किशोर की भूमिका महत्वपूर्ण नजर आ रही है। हमेशा की तरह मुस्लिम और यादव वोट बैंक यादव परिवार की आरजेडी के साथ है। तेजस्वी यादव ने कांग्रेस को कम सीटें देकर सूझ-बूझ का परिचय दिया है। बीजेपी ने नितीश कुमार पर दबाव बनाकर अपना नियंत्रण बढाया है। इन तमाम हालातों के बावजूद उन्हें आज की तारिख में एनडीए गठबंधन आगे नज़र आ रहा है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### लापरवाही मिलने पर दो अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुरूप किसानों को उनकी सोयाबीन उपज का उचित दाम दिलाने के लिए आज से राज्य सरकार द्वारा भावांतर योजना प्रारंभ की गई है। मंडियों में किसानों की सुविधा के लिए माकूल इंतजाम किए गए हैं। इन इंतजामों का निरीक्षण करने के लिए कलेक्टर श्री शिवम वर्मा सांवेर मंडी भी पहुँचे। मंडी में विभिन्न तरह की लापरवाही पाये जाने तथा सौपे गये दायित्वों का निर्वहन नहीं करने पर दो अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने मंडी सचिव रमेशचंद्र सावदिया को कारण बताओ नोटिस देने तथा सहायक यंत्री मनोज चौधरी को निलंबित करने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर वर्मा ने मंडी में किसानों के लिए सुविधाओं को देखा, किसानों से चर्चा की और खरीदी कार्य का जायजा लिया। कलेक्टर वर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि सभी मंडियों में यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी तरह से किसानों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। उनके लिए भोजन, पेयजल, शयन, पर्याप्त पार्किंग, समय पर खरीदी, समय पर तुलवाई, समय पर भुगतान आदि की व्यवस्था रहें। इस दौरान अपर कलेक्टर पंवार नवजीवन विजय, एसडीएम घनश्याम धनगर भी मौजूद थे।

### ग्राम पंचायत में होगी जनसुनवाई-लगेंगे समस्या समाधान शिविर

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर जिले के जनपद पंचायत डॉ. अम्बेड़कर नगर महू के ग्राम पंचायत सिमरोल में राज्य शासन की महत्वपूर्ण योजना एक बगिया मां के नाम के हितग्राहियों का सेक्टर स्तरीय वृक्षारोपण प्रशिक्षण तथा महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद पंचायत डॉ. अम्बेडकर नगर महू के सीईओ श्री गिरिराज दुबे ने बताया कि उक्त योजनान्तर्गत चिन्हित पात्र हितग्राहियों से चर्चा कर उनकी समस्याओं का तकनीकी अमले के साथ बैठकर समाधान किया गया। साथ ही 25 अक्टूबर से गड्ढे खोदकर वृक्षारोपण कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही ग्राम पंचायत में सीएम हेल्पलाईन से संबंधित शिकायतकर्ताओं के लिये विशेष बैठक आयोजित कर मौके पर समस्याओं का समाधान कराया गया। उन्होंने बताया कि सेक्टर की समीक्षा बैठक में ग्राम पंचायत जोशी गुराडिया, मेंमदी, दतोदा, सिमरोल के सचिवों निर्देशित किया गया कि ग्राम पंचायत में मुनादी कराई जाकर प्रत्येक मंगलवार को ग्राम पंचायत कार्यालयों में जनसुनवाई / समस्या समाधान शिविर आयोजित किये जायें, जिससे ग्राम वासियों को मूलभूत सुविधाएं तथा पंचायत से संबंधित कार्य के लिये वरिष्ठ कार्यालयों में शिकायत हेतु भटकना नहीं पड़ें तथा शासन की सभी आवश्यक जनहितैषी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को मिलना सुनिश्चित हो।

### वरिष्ठ नागरिक एवं पत्रकारों को रेलवे रियायत बहाली की मांग तेज़

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● कांग्रेस जिला अध्यक्ष विपिन वानखेड़े एवं जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी प्रकाश महावर कोली ने केंद्र सरकार से मांग की है कि कोरोना काल के दौरान बंद की गई रेलवे कन्सेशन सुविधा विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों और पत्रकारों के लिए तत्काल बहाल की जाए। उन्होंने कहा कि यह सुविधा किसी विशेषाधिकार की नहीं, बल्कि जनहित की जरूरत थी, जिसे महामारी के नाम पर रोक दिया गया और अब तक बहाल नहीं किया गया है। वानखेड़े ने कहा कि कोरोना के दौरान रेल सेवाएं सीमित थीं, तो सरकार ने कई सुविधाएं अस्थायी रूप से बंद कीं। लेकिन अब जब ट्रेनें पहले की तरह चल रही हैं, टिकट दरें बढ़ चुकी हैं और रेलवे मुनाफे में है, तो रियायतें बहाल न करना जनता के साथ अनुचित व्यवहार है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को हर महीने जरूरी कामों, इलाज या अपने परिजनों से मिलने के लिए यात्रा करनी होती है।

### इंदौर की दुकानों पर अधिक दाम चुकाने पर मिल रही है शराब

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● एक तरफ आबकारी विभाग शराब दुकानों पर क्यूआर कोड की व्यवस्था करवा कर एमआरपी पर शराब बिकवाने के दावे करता है तो दूसरी तरफ होटलों रेस्टोरेन्ट फार्म हाउस पर शराब खोरी के अलावा शहर की अधिकांस दुकानों पर आधी रात के बाद भी शटर उचकाकर शराब की बोतलें आसानी से मिल जाती है। 10-20 रुपए प्रति बोतल अधिक दाम चुकाकर मंदिरा प्रेमी रात डेढ़ -दो बजे और उसके बाद भी आसानी से शराब हासिल कर लेते हैं । जिसके चलते हुड़दंग सहित कई गंभीर वारदाते हो जाती है । एक तरफ पुलिस चौराहों पर ड्रिक एंड ड्राइव के मामले में कार्यवाही करती है और वाहन चालकों के मुंह सूधे जाते हैं बड़ी संख्या में चालानी कार्यवाही के साथ लायसेंस निरस्ती की कार्यवाही भी की जाती है।

## रोजगार मेला सम्पन्न, 102 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मध्य प्रदेश के इंदौर में भारतीय डाक विभाग परिक्षेत्र की मेजबानी में शुक्रवार को 17वें रोजगार मेले का आयोजन रविंद्र नाट्य गृह में किया गया। इस अवसर पर केन्द्रीय जनजातीय कार्य राज्यमंत्री दुर्गादास उईके, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, विधायक गोलू शुक्ला विशेष रूप से मौजूद थे।

उक्त रोजगार मेला में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों जैसे रेल्वे, वित्त, उच्च शिक्षा, आयकर, एवं डाक विभाग इत्यादि के लगभग 51 हजार से अधिक अभ्यर्थियों को 40 केन्द्रों पर वर्चुअल नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये। इन्दौर में 102 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये। जिसमें से 25 अभ्यर्थियों को मुख्य अतिथि द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये।




कार्यक्रम में इंदौर सेंटर पर दूरस्थ स्थानों से जैसे खण्डवा, मंदसौर, रतलाम, सीहोर, उज्जैन, धार, देवास के साथ-साथ स्थानीय इंदौर से भी केंद्र सरकार के विभिन्न विभागो में नव नियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में प्रतिवर्ष आयोजित रोजगार मेले के माध्यम से युवाओं को रोजगार प्रदान करने हेतु नियमित अवसर निर्मित हो रहे है, जिसके माध्यम से युवाओ को भारत सरकार के विभिन्न प्रतिष्ठित विभागो में रोजगार प्राप्त करने का सुनहरा अवसर मिल रहा है।

## मालवा मिल चौराहे का लेफ्ट टर्न चौड़ा किया था, अब वहीं लग गई दुकानें, आड़ में बनाया शराब अहाता

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● कुछ महीनों पहले नगर निगम ने मशक्कत के बाद मालवा मिल चौराहे के लेफ्ट टर्न चौड़े किए थे, लेकिन अब फिर हालत बदहाल है। लेफ्ट टर्न के आसपास और जालियों के आगे ही कब्जे हो गए हैं। इससे वहां की यातायात व्यवस्था फिर चौपट हो रही है और वाहन चालक भी परेशान हैं।



मालवा मिल चौराहे पर सडक़ के नजदीक लगने वाला रिक्शा स्टैंड वहां से शिफ्ट कराया गया था और चौराहे के लेफ्ट टर्न बाधाएं हटाकर चौड़े किए गए थे, ताकि यातायात व्यवस्था और बेहतर और सुगम हो सके। कुछ महीनों बाद ही फिर से लेफ्ट टर्न की हालत बदतर हो गई है और वहां लगातार कब्जे बढ़ते जा रहे हैं। लेफ्ट टर्न के आसपास के हिस्सों में निगम ने जालियां लगाई थीं, ताकि क्षेत्र की सुंदरता बढ़े और वहां फिर से कोई कब्जे नहीं हों, लेकिन कब्जेधारियों ने जालियों के आगे ही दुकानें लगाना शुरू कर दी हैं। मालवा मिल चौराहे से जंजीरवाला के लिए जाने वाले लेफ्ट टर्न और रेसकोर्स रोड के लिए जाने वाले मार्गों के लेफ्ट टर्न की स्थिति खराब है।

अन्य लेफ्ट टर्न पर भी दुकानें लग रही हैं। पूर्व में लेफ्ट टर्न चौड़े करने के लिए निगम ने खासी मशक्कत की थी और रिक्शा स्टैंड बमुश्किल हटाया गया था, लेकिन अब रिक्शा स्टैंड हटा तो वहां सडक़ किनारे दुकानें लगनी शुरू हो गईं। उक्त चौराहे पर दिनभर चारों ओर यातायात का दबाव रहता है और बड़ी संख्या में वाहन चालक इस क्षेत्र से गुजरते हैं।

### मेट्रो ट्रेन का विरोध...



शहर के मध्य निकलने वाली मेट्रो ट्रेन का विरोध हुआ शुरू। अब मल्हारगंज स्थित छोटा गणपति मंदिर परिसर को बचाने के लिए रहवासियों ने समिति बनाकर लगाए पोस्टर।

### मेरे अनन्य साथी मदन परमालिया की सेवाओं के लिए मैं समर्पित हूँ - पटेल

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● श्री गीता रामेश्वरम ट्रस्ट के संरक्षक एवं अ.भा. कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल ने अपने साथी श्री गीतारामेश्वरम् ट्रस्ट के प्रवक्ता के रूप में ट्रस्ट को गति प्रदान करने वाले ऐसे साथी जो सेवा और समर्पण के लिए मेरे अनन्य साथी के रूप में कार्य कर रहे हैं आज मैं उन्हें सम्मानित कर अपने आपको सम्मानित हुआ हूँ।

## 'कार्बाइड गन' प्रतिबंधित, इस देशी बंदूक के साथ रील बनाने पर भी रोक

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● जिला प्रशासन ने कैल्शियम कार्बाइड से चलने वाली देशी बंदूक के कारण बढ़ती दुर्घटनाओं के मद्देनजर शुक्रवार को इस खतरनाक खिलौने पर प्रतिबंध लगा दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्थानीय पुलिस ने एक अलग आदेश जारी करके कार्बाइड गन के साथ रील बनाने और इसे सोशल मीडिया पर डालने पर भी पाबंदी लगा दी है। जिलाधिकारी शिवम वर्मा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जारी आदेश में कहा,''अवैध तौर पर तैयार कार्बाइड गन से आम जन के स्वास्थ्य और पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। लिहाजा इसका निर्माण, भंडारण, क्रय-विक्रय, वितरण, प्रदर्शन और इसे चलाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।'' शहर के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश दंडोतिया ने बताया,''पुलिस ने न केवल कार्बाइड गन की खरीद-फरोख्त और इसके इस्तेमाल के खिलाफ प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है, बल्कि इस बंदूक के साथ रील बनाने और ऐसी रील को सोशल मीडिया पर डालने पर भी कानूनी पाबंदी लगा दी है।''

## एलपीजी वितरक-कर्मचारी काली पट्टी बांधकर कार्य करेंगे



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● आंदोलन के प्रथम चरण में सभी वितरक व उनके कर्मचारी काली पट्टी बांधकर कार्य करेंगे तथा जिला कलेक्टर के माध्यम से सचिव पेट्रोलियम मंत्रालय को ज्ञापन सौंपेंगे। आंदोलन का द्वितीय चरण 29 अक्टूबर शाम 7 बजे सभी वितरक अपने जिला मुख्यालय पर मशाल / मोमबत्ती जलाकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। आंदोलन के तृतीय चरण 6 नवंबर गुरुवार नो मनी नो इंडेंट, न पैसा जमा करेंगे न इंडेंट करेंगे। अंतिम चरण यदि एलपीजी वितरक के सेवा शुल्क एवं होम डिलीवरी प्रभार में वृद्धि नहीं की गई तो एलपीजी वितरक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की घोषणा करेंगे। एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय महामंत्री यज्ञेश राठी ने जानकारी दी है कि भारत गणतंत्र के सभी वितरक अपनी मांगों को लेकर क्रमबद्ध तरीके से आंदोलन करने के लिए विवश हैं क्योंकि भारत सरकार द्वारा महंगाई के अनुपात में उनके द्वारा की जा रही होम डिलीवरी एवं प्रशासकीय शुल्क में लंबे समय से वृद्धि नहीं की गई है, जिससे वितरक अपनी बेहतर सेवा देने में कठिनाइयों का सामना कर रहा है।

## मप्र सरकार ने इंदौर की ऐतिहासिक सूरजकुंड बावड़ी का पुनरुद्धार किया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ●इंदौर मध्यप्रदेश सरकार के नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तहत जन भागीदारी के जरिये इंदौर जिले के देपालपुर कस्बे की ऐतिहासिक सूरजकुंड बावड़ी का पुनरुद्धार किया है। यह जानकारी एक अधिकारी ने शुक्रवार को दी। अधिकारी ने बताया, 卐मंगलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में स्थित सूरजकुंड बावड़ी अपने मूल स्वरूप में लौट आई है।卐 उन्होंने बताया,卐यह बावड़ी ऐतिहासिक और धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है। स्थानीय मान्यता के अनुसार इसका निर्माण 11वीं शताब्दी के दौरान परमार वंश के शासनकाल में हुआ था। इसके बाद इंदौर के तत्कालीन होलकर राजवंश की शासक देवी अहिल्याबाई होलकर ने इसका जीर्णोद्धार कराया था। इससे यह बावड़ी स्थानीय नागरिकों के लिए स्वच्छ जल का प्रमुख स्त्रोत बन गई थी।'' अधिकारी ने बताया कि समय बीतने के साथ इस ऐतिहासिक बावड़ी की देख-रेख में कमी आई और यह बावड़ी सूखने की कगार पर पहुंच गई। अधिकारी के मुताबिक बावड़ी की उपेक्षा के कारण इसकी सीढ़ियां भी क्षतिग्रस्त हो गई थीं। उन्होंने बताया कि इस बावड़ी के पुनरुद्धार का काम नगरीय विकास की 'अमृत 2.0% योजना' के तहत शुरू किया गया और जन भागीदारी को लेकर स्थानीय नागरिकों के उत्साह ने इस परियोजना को गति दी।

## इंदौर में बनी दो दवाएं केंद्र की जांच में अमानक

### जिंक और फेरस सल्फेट, फोलिक एसिड की दवाओं की क्वालिटी खराब मिली

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर की 2 कंपनियों की 2 दवाएं जांच में अमानक पाई गई है। केंद्रीय जांच एजेंसी केंद्रीय दवा मानक नियंत्रण संगठन (ष्ठष्ठस्ष्ठ) ने देशभर की 112 दवाओं के सैंपल सितंबर में लिए थे। जिसकी जांच रिपोर्ट शुक्रवार को जारी की है।

इन अमानक दवाओं में हार्ट, ब्रेस्ट कैंसर, गैस्ट्रो, दर्द निवारक, कैल्शियम और पेट दर्द जैसी गंभीर बीमारियों की दवाएं भी शामिल हैं। सबसे ज्यादा 49 सैंपल हिमाचल प्रदेश के दवा उद्योगों में बनी दवाओं के हैं। सीडीएससीओ की रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि अमानक दवाएं भारतीय फार्माकोपिया (आईपी) और पीएच मानकों के अनुरूप नहीं बनाई गईं। रिपोर्ट के अनुसार, खराब गुणवत्ता वाला कच्चा माल, निर्माण प्रक्रिया में लापरवाही और तय तापमान पर दवाओं का स्टोरेज न होना इन दवाओं के फेल होने की प्रमुख वजहें हैं। इंदौर की McW हेल्थकेयर लिमिटेड की जिंक सल्फेट डिस्पर्सिबल टैबलेट 20 एमजी दवा का सैंपल फेल मिला है। यह दवा शरीर में जिंक की कमी को पूरा करने के काम आती है। पूरक के रूप में या गलत इस्तेमाल से पेट दर्द, वमन, सिरदर्द और थकान के लक्षण दिखते हैं। इसे कंपनी सांवेर रोड इंडस्ट्रियल के सेक्टर ई एरिया में बनाती है।

## प्रकाश के इस त्योहार को अंधकार के मौसम में न बदलने दें

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● वर्तमान मे त्योहारों के अवसर पर बच्चों मे गंभीर आंखो की चोटों में वृध्दि हुई है इन चोटों से आंखो मे गंभीर जलन, अंधा कर देने वाली घटनाएं कॉर्नियल क्षति, ओर दृष्टि की हानि दिखाई देती है कई बार स्थायी विकृति एवं विकलांगता की घटनाएं भी देखने मे आई है। नेत्र विशेषज्ञों की दुनिया की पेशेवर संस्था अखिल भारतीय नेत्र रोग सोसाईटी (एआईओएस) नई दिल्ली ने केन्द्र, राज्य सरकारों ओर जिला अधिकारियों से कार्बाइड अधारित विस्फोटक पटाकों पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की राष्ट्रीय अपील जारी की है। एआईओएस ने देशव्यापी कार्यवाही निर्माताओं ओर विक्रेताओं के खिलाफ एफआईआर और कैल्शियम कार्बाइड व संबंधित साम्रगियों की आपूर्ति श्रृंखला को बाधित करने की मांग की है । यह देखा गया है कि यह खतरनाक कार्बाइड बम घर मे बने रासायनिक विस्फोटक है न की पारंपारिक पटाखे ये बच्चों की आंखो मे तेज जलन व अंधेपन का कारण बन रहें है, कई राज्यों के नेत्ररोग विशेषज्ञों ओर अस्पतालों मे गंभीर नेत्र जलन ओर आघात की घटनाओं मे वृध्दि की सूचना दी है। तथाकथित कार्बाइड गन / बम कैल्शियम कार्बाइड ओर पानी से बने अपरिष्कृत विस्फोटक एसिटिलीन गैस छोड़ते है । ये रासायनिक बम है पारंपारिक पटाखे नही । छठ पूजा और अन्य त्यौहारों के निकट आने के साथ ही आम जनता से अनुरोध है कि ऐसे खतरनाक पटाखों को उपयोग न करें।

## मौसमी बदलावों के दौरान अपनी इम्युनिटी बढ़ाएँ- न्यूट्रिशनिस्ट ऋतिका समद्दार

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● जैसे-जैसे मौसम बदलता है, वैसे-वैसे इसका प्रभाव हमारे स्वास्थ्य पर भी दिखाई देता है। बदलते तापमान, एलर्जन के बढ़ते संपर्क और दिनचर्या में आने वाले परिवर्तनों के कारण हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर पड़ सकती है, जिससे सर्दी, फ्लू और थकान जैसी समस्याओं की संभावना बढ़ जाती है। मैक्स हेल्थकेयर, नई दिल्ली की रीजनल हेड - डाइटेटिक्स, न्यूट्रिशनिस्ट ऋतिका समद्दार के अनुसार, इस संक्रमण काल में अपनी इम्युनिटी को मजबूत बनाए रखना स्वस्थ और ऊर्जावान रहने की कुंजी है। अपने भोजन में बादाम, हरी सब्ज़ियाँ और फैटी फिश जैसे पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थ शामिल करें।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

इंदौर, शनिवार 25 अक्टूबर 2025

## न्यूज इन ब्रीफ

### सैकड़ो महिलाएं करेंगी छठ पूजा, सोमवार को डूबते सूर्य को और मंगलवार को उगते सूर्य को देगी अर्घ्य

**इंदौर** ● बापट चौराहे स्थित सुखलिया नर्मदा पानी की टंकी के पीछे पूर्वांचल छठ पूजा समिति द्वारा छठ पूजा उत्सव मनाया जाएगा। समिति के अध्यक्ष कृष्णा यादव और संयोजक सुरजीत सिंह वालिया ने बताया कि छठ पूजा महोत्सव के तहत सोमवार को शाम 5:30 बजे सैकड़ो महिलाएं डूबते सूर्य को अर्घ्य देगी। मंगलवार को सुबह 4 बजे सैकड़ो महिलाएं उगते सूर्य को अघ्य देकर सुख समृद्धि की कामना करेंगी। छठ पूजा उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। आतिशबाजी होगी। पूर्वांचल छठ पूजा समिति द्वारा पिछले 36 वर्षों से छठ पूजा उत्सव मनाया जा रहा है। इस वर्ष में बड़े धूमधाम से उत्सव बनेगा।

### अखिल भारतीय पारीक महासभा का दीपावली मिलन समारोह 26 अक्टूबर को, भगवान को लगेगा छप्पन भोग

**इंदौर** ● अखिल भारतीय पारीक महासभा द्वारा दीपावली मिलन समारोह का आयोजन 26 अक्टूबर रविवार को छावनी स्थित मोदी परिसर में किया जा रहा है, इसमें भगवान को 56 भोग लगाकर महाआरती की जाएगी। प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान होगा। महासभा के अध्यक्ष कैलाश चंद पारीक, सचिव मनीष शर्मा ने बताया कि महासभा का रविवार को आयोजित होने वाले दीपावली मिलन समारोह में भगवान को 56 तरहो के पकवानों का छप्पन भोग छप्पन भोग लगाया जाएगा, 108 दीपों से मां आरती होगी। 1500 से अधिक समाजजन सम्मिलित होकर भगवान की आराधना करेंगे। आयोजन की तैयारी अंतिम चरणों में है, आयोजन में 1500 से अधिक समाजजन सम्मिलित होंगे। आयोजन में समाज के प्रतिभा भवन छात्र-छात्राओं का सम्मान होगा। महोत्सव में भजन संध्या आयोजित की गई है जिसमें भजन गायक मुकेश महाराज द्वारा भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी जाएगी।

### समाजसेवी गोपालदास मित्तल के प्रथम पुण्य स्मरण दिवस पर कल आदरांजलि कार्यक्रम

**इंदौर** ● मनोरमागंज सहित गीता भवन ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष एवं शहर की विभिन्न प्रमुख शैक्षणिक तथा सामाजिक-धार्मिक संस्थाओं के अध्यक्ष रहे वरिष्ठ समाजसेवी गोपालदास मित्तल के प्रथम पुण्य स्मरण दिवस पर रविवार 26 अक्टूबर को सुबह 10.15 बजे सत्संग सभाग्रह में आदरांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष राम एरन एवं मंत्री रामविलास राठी ने बताया कि नैमिषारण्य से आए संत स्वामी पुरुषोत्तमानंद सरस्वती महाराज के सानिध्य में रविवार को नियमित प्रातः कालीन सत्संग सभा के बाद यह कार्यक्रम होगा।

### जय श्री राम के जयकारों से गूंजा यात्रा मार्ग

**इंदौर** ●नंदानगर स्थित गणेश मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा की शुरुआत भव्य कलश यात्रा के साथ हुई, 5 हजार से ज्यादा मातृशक्तियां सिर पर कलश लेकर निकली। जय श्री राम के जयकारों से पूरा यात्रा मार्ग गुंजायमान हुआ, आस्था का महासंगम जहां से भी गुजरा हर कोई इस में रम गया। हजारों मातृशक्तियों का जनसैलाब उमड़ा। बैकुंठवासी श्रीमती रामप्यारी देवी मेंदोला व स्व. चिंतामणि मेंदोला की स्मृति में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा की शुरुआत शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुई, परदेशीपुरा स्थित शिवधाम मंदिर पर वेद मंत्रों के बीच विधायक रमेश मेंदोला ने पूजन अर्चन किया,यात्रा में हजारों मातृशक्तियो ने श्रद्धा के कलश उठाए, भजनों पर मातृशक्तियां नाचते गाते चल रही थी। यजमान भागवत पुराण लेकर आगे आगे चल रहे थे, ढोल, तासे, बैण्ड- बाजे, शंखनाद व जयघोष करते युवाओं का दल देखते ही बन रहा था। यात्रा का जगह-जगह गुलाब की पंखुड़िया बरसाकर स्वागत किया गया।

### लालवानी के निवास पर दीपावली मिलन समारोह में शामिल हुए लोकतंत्र सेनानी संघ के प्रमुख गिरीश शर्मा आदित्य

**इंदौर** ● सांसद शंकर लालवानी द्वारा अपने साकेत नगर स्थित निवास पर आयोजित दीपावली मिलन समारोह में लोकतंत्र सेनानी संघ के जिला अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय मुद्रा परिषद के संयोजक गिरीश शर्मा आदित्य ने अपने साथियों सहित पहुंचकर सांसद लालवानी एवं महापौर पुष्यमित्र भार्गव सहित जिले के सभी शहरी और ग्रामीण नेताओं का सम्मान किया। इस समारोह में ग्रामीण क्षेत्र के 5000 से अधिक कार्यकर्त्ता, स्नेहीजन और विभिन्न समाजों के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। सांसद लालवानी ने इस मौके पर लोकतंत्र सेनानियों के साथ ही मुद्रा संग्रह के बारे में भी दिलचस्पी से जानकारियां प्राप्त की। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने भी शर्मा एवं उनके साथियों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए शहर के विकास में उनके रचनात्मक योगदान की सराहना की।

# 'जाति-समाज बैलेंस' नहीं कर पाए खंडेलवाल

## गुर्जर-लोधी नाराज, जगह नहीं मिली तो बोले- भाजपा के लिए सालों से चप्पल घिस रहे

**भोपाल (एजेंसी)** ● भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की नई टीम के ऐलान के बाद बघेलखंड और बुंदेलखंड अंचल में विरोध हो रहा है। रीवा से राजेश पांडेय और शरदेंदु तिवारी की कार्यकारिणी से छुट्?टी के बाद एक कार्यकर्ता ने राजेश और वीडी शर्मा का फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड किया। इसमें लिखा- काश, वीडी भाई साब का जन्मदिन न मनातेज.। वहीं, लोधी और गुर्जर समाज के नेताओं ने अपने समाज को प्रतिनिधित्व न दिए जाने का मामला पत्र लिखकर उठाया है। ये पत्र सोशल मीडिया पर अपलोड किया है। टीकमगढ़ पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सूरज सिंह लोधी ने फेसबुक पर अपना आक्रोश व्यक्त किया। सूरज ने लिखा- सालों से बीजेपी के लिए चप्पल घिस रहे लोधी समाज के नेताओं को प्रदेश सूची में स्थान न देकर आराम करने दिया। उसके लिए प्रदेश संगठन का धन्यवाद, घिसते रहो।

### सकल गुर्जर ने पत्र लिखा कहा- अपमान बर्दाश्त नहीं

दूसरी ओर सकल गुर्जर ने पत्र लिखकर कहा है कि भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश कार्यकारिणी में गुर्जर समाज को प्रतिनिधित्व नहीं दिया है। ये अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इससे गुर्जर समाज में आक्रोश और रोष है। प्रदेश के 18 लोकसभा और 131 विधानसभा क्षेत्र में गुर्जर समाज के लोग रहते हैं, जो बड़ी संख्या में भाजपा से जुड़े हैं। निर्णायक गुर्जर समाज के 5 हजार से 65 हजार तक मतदाता होने के बाद भी प्रतिनिधित्व न देना आश्चर्यजनक है। प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की लोकसभा में विजय दिलाने में गुर्जर समाज का बड़ा योगदान रहा है, जब उन्होंने उपचुनाव लड़ा था।

ये पत्र सकल गुर्जर समाज के प्रदेश संयोजक रमेश गुर्जर के नाम से जारी किया गया है। पत्र में कहा है कि उनके समाज को स्थान न दिया जाना गुर्जर समाज का सार्वजनिक अपमान है। गुर्जर समाज को न जिले में सम्मान मिला और न प्रदेश की कमेटी में मिला। इससे यह साफ है कि भाजपा को गुर्जर समाज की जरूरत नहीं है। अगर बीजेपी गुर्जर समाज का यूं ही अपमान करेगी तो समाज इसका जमकर विरोध करेगा।

# आंवला नवमी पर सजेगा रणजीत दरबार, अंतिम भक्त के आने तक होगा चलित भंडारा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● शहर के पश्चिमी क्षेत्र में स्थित अतिप्राचीन और प्रसिद्ध श्री रणजीत हनुमान मंदिर में आंवला नवमी पर इस साल भी हजारों भक्तों के लिए अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस साल भी भगवान को छप्पन भोग लगाने के बाद आरती और फिर अंतिम भक्त के प्रसाद ग्रहण करने तक चलित भंडारा होगा। इस साल आंवला नवमी 30 अक्टूबर को मनाई जा रही है। परंपरा अनुसार मंदिर में करीब 50 हजार भक्तों के लिए अन्नकूट तैयार किया जाएगा, जिसकी तैयारियां शुरू हो गई हैं। एक दिन पहले से महाप्रसाद बनना शुरू होगा। मंदिर के मुख्य पुजारी पं. दीपेश व्यास ने बताया कि भंडारा महाप्रसादी से पहले शहर के 101 मंदिरों में महाप्रसाद जाएगा। भक्तों के लिए इस



साल अन्नकूट में पूड़ी, रामभाजी, भजिए और नुक्ती का प्रसाद तैयार किया जाएगा। इसके लिए भक्त भी दिल खोलकर दान दे रहे हैं।

पं. व्यास ने बताया एक दिन पहले 29 अक्टूबर को अन्नकूट प्रसाद बनने से पूर्व परंपरानुसार भट्टी को गोबर से लिपकर शुद्ध किया जाएगा और भट्टी पूजन के बाद नुक्ती बनना शुरू होगी। इसके बाद भजिए बनेंगे और रात में पूड़ी तैयार की जाएगी। दूसरे दिन सुबह से रामभाजी बनना शुरू होगी। इसी शाम शहर के मंदिरों में भोग पहुंचने के बाद 56 भोग श्री रणजीत सरकार को लगेगा और महाआरती होगी। महाआरती के बाद महाप्रसादी भक्तों को खिलाई जाएगी। चलित भंडारे में मंदिर के भक्त मंडल के करीब 700 भक्त सेवा देंगे, ताकि व्यवस्थाएं बनी रहें। मंदिर को भी भव्य रूप से सजाया जाएगा। सुंदर श्रृंगार के साथ यहां पुष्प बंगला सजेगा। हजारों भक्तों के लिए तैयार होने वाली महाप्रसादी के लिए कई क्विंटल सामग्री लगने वाली है। मिली जानकारी के अनुसार महाप्रसादी के लिए 50 क्विंटल आटा, 16 क्विंटल बेसन, 60 क्विंटल सब्जी, 120 डिब्बे तेल और 55 डिब्बे शुद्ध घी के इस्तेमाल किए जाएंगे।

## सियागंज बाजार में हुए मुहूर्त के सौदे



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● सियागंज में महालक्ष्मी जी की आरती के पश्चात मोहरथ सौदे हर्षोल्लास के साथ संपन्न जीएसटी कम होने से व्यापार बढ़ने की संभावना के साथ बाज़ार में मिलाजुला असर देखने को मिला। कारक एवं खजूर में नए माल की आवक हुई काजू बादाम में बाज़ार स्थिर राव खोपरागोला हल्दी में ये व्यापार अच्छा था। बड़ी तादाद में व्यापारी बंधु उपस्थित थे समय पर आरती। पश्चात मोरथ सौदे संपन्न हुए अध्यक्ष रमेश खंडेलवाल कार्यवाहक अध्यक्ष धीरज खंडेलवाल महामंत्री प्रीतपाल टोंगया उपाध्यक्ष नईम पाल वाला किशोर वरलानी। एवं बड़ी संख्या में व्यापारीकरण उपस्थित थे। मनीष बिसानी यशपाल कुलवानी एवं द बंधु उपस्थित थे। सभी ने एक-दूसरे को दीपावली की। शुभकामना देकर आने वाले साल में खूब व्यापार फल फूले। इसकी कामना के साथ मुहूर्त संपन्न हुआ। संचालन नईम पाल वाला ने किया आभार महामंत्री प्रीतपाल टोंगिया ने माना।

## पश्चिम क्षेत्र कंपनी ने बिजली उपभोक्ताओं के लिए वाट्सएप चेटबोट सुविधा प्रारंभ की

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की सूचना प्रौद्योगिकी टीम द्वारा उपभोक्ता सुविधा के मद्देनजर वाट्सएप चेटबोट व्यवस्था प्रारंभ की गई। प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह के समक्ष इस नई व अत्याधुनिक व्यवस्था का प्रस्तुतिकरण व अनौपचारिक शुभारंभ हुआ। इसके लिए पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के उपभोक्ताओं को अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर से वाट्सएप से 7312426395 Hi लिखना होगा। इसके बाद हिंदी अंग्रेजी भाषा के विकल्प का चयन कर प्रीपेड बिल, पोस्टपेड बिल, पास बुक, बिलों के पीडीएफ, सोलर संबंधी जानकारी, दैनिक खपत, संक्षिप्त विवरण, दैनिक बिजली खर्च की जानकारी, मासिक खपत, जमा राशि की जानकारी, बकाया राशि की जानकारी, प्रीपेड कनेक्शन होने पर वालेट में उपलब्ध बैलेंस इत्यादि विवरण एक दो सेकंड में ही प्राप्त हो जाएगा। विद्युत संबंधी जानकारी प्रश्नोत्तरी के माध्यम से भी प्राप्त की जा सकेगी। सूचना प्रौद्योगिकी शाखा के अधीक्षण यंत्री सुनील पाटौदी ने बताया कि वर्तमान में शासकीय कनेक्शनों को प्रीपेड किया गया है। प्रीपेड कनेक्शनों के लिए चेटबोट सुविधाएं प्रारंभ करने वाली पश्चिम क्षेत्र कंपनी राज्य की पहली कंपनी है। यह सुविधा पूरी तरह आत्मनिर्भर भारत की अवधारण के साथ पश्चिम क्षेत्र के कार्मिकों द्वारा ही तैयार की गई है। वाट्सएप चैटबोट सुविधा का लाभ पश्चिम क्षेत्र के पचास लाख से ज्यादा उपभोक्ता ले सकेंगे।

## मप्र शासन का मेहमान बनकर इंदौर जिले का प्रतिनिधि दल पेंच अभ्यारण की सैर करेगा



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● प्रसिद्ध अंग्रेज रूडयाड किपलिंग द्वारा मोगली दन्त कथा की रचना की गई थी। जिसमे मध्यभारत के भूमि सिवनी के जंगलों में भेड़िया बालक, बघीरा(काला चीता), शेर खान (बाघ), भालू, सांप, हांथी और अन्य मित्रवत तथा अमित्रवत जोड़ों के साथ रहा करता था। सम्पूर्ण विश्व में लाखों बच्चे मोगली और उसके जंगली मित्रों की दन्त कथा से मंत्रमुग्ध हुए हैं उनकी परवरिश जंगल बुक पुस्तक एवं वाल्ट डिजनी द्वारा इसी नाम से रचित अद्वितीय एवं अविस्मरणीय कार्टून के साथ हुई। इको क्लब नोडल अधिकारी डॉ. संगीता विनायका एवं मास्टर ट्रेनर जगदीश जोशी ने बताया कि मोगली बाल उत्सव जैवविविधता एवं पर्यावरण संरक्षण का एक संदेश है। विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति प्रेम, जागरूकता एवं उत्तरदायित्व की भावना जागृत करने के उद्देश्य से वर्ष 2004 से राज्य स्तरीय मोगली बाल उत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

मोगली बाल उत्सव मध्यप्रदेश शासन के स्कूल, वन आदि विभिन्न विभागों के सहयोग एवं सामंजस्य से आयोजित किया जाता है इस अनूठे उत्सव में मोगली मित्रों (विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ) हेतु अनेक रोचक खेल, ट्रेलिंग, सफारी, क्विज, फिल्म व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन जंगल में ही किया जाएगा । इस उत्सव के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रकृति को नजदीक से परिचय कराया जाएगा। यह उत्सव ना केवल प्रदेश बल्कि पूरे देश में प्रसिद्ध है।

## सहायक संचालक शिक्षा शौर्य मल्होत्रा का पुरानी पेंशन बहाली संघ ने किया स्वागत



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ●इंदौर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में भोपाल मंत्रालय से स्थानांतरित होकर आए सहायक संचालक शिक्षा शौर्य मल्होत्रा का शुक्रवार को शिक्षकों ने पुरानी पेंशन बहाली संघ के जिलाध्यक्ष एवं शासकीय शिक्षक संघ मध्यप्रदेश के प्रदेश मीडिया प्रभारी दिनेश परमार की अगुवाई में स्वागत कर बधाई दी। परमार ने बताया कि सहायक संचालक शिक्षा श्री मल्होत्रा पीएससी परीक्षा से चयनित होकर भोपाल मंत्रालय में पदस्थ थे, कुछ दिन पूर्व आपने इंदौर जिला शिक्षा विभाग में पदभार संभाला। स्वागत के दौरान संगठन के संभागीय अध्यक्ष जिम्मी सक्सेना, महेंद्र भारद्वाज, महेंद्र पाठक, राजेश मालवीय सहित शिक्षा विभाग के लिपिक आशीष बनोधा, रमसा की एपीसी श्रीमती प्रीति सोलंकी,श्रीमती सुषमा दुबे, लिपिक रोहित खांडेकर, राघव सिंह वर्मा तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## अग्रवाल वैश्य समाज के युवक-युवतियों का अ.भा. परिचय सम्मलेन 15-16 नवंबर को गाँधी हॉल में

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● अग्रवाल यूथ फेडरेशन के तत्वावधान में अग्रवाल समाज का अ.भा. युवक-युवती परिचय सम्मलेन का दिव्य आयोजन 15-16 नवंबर को गाँधी हॉल प्रांगण पर होगा। संस्था द्वारा देश के विभिन्न शहरों में अब तक 194 राष्ट्रीय स्तर के परिचय सम्मेलन आयोजित किए जा चुके हैं। इन सम्मेलनों के माध्यम से प्रति वर्ष औसतन तीन हजार से अधिक रिश्ते तय होते आए हैं। परिचय सम्मलेन के अवसर पर बहुरंगी परिचय पुस्तिका का प्रकाशन भी किया जा रहा है। फेडरेशन के अध्यक्ष राधाकिशन अग्रवाल ने बताया कि अब तक 600 पंजीयन प्राप्त हो चुके हैं। इनमें अधिकांश प्रत्याशी उच्च शिक्षित होकर एम. बीए, एमसीए, डॉक्टर, सीए एवं अपने-अपने प्रतिष्ठित कारोबार में स्थापित प्रत्याशी शामिल हैं। सभी प्रत्याशियों के सचित्र परिचय बहुरंगी स्वरूप में प्रकाशित किए जा रहे हैं। सम्मलेन की दिव्यता को देखते हुए विभिन्न समितियों का गठन किया जा रहा है । जिनमें 80 कार्यकर्ता अपनी सेवाएँ देंगे।

## निगम की बड़ी टैक्स मुहिम, वार्ड 74 में मचा हड़कंप, नेताओं तक पहुंची नाराजगी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● निगम कमिश्नर दिलीप कुमार यादव के निर्देशन में नगर निगम ने टैक्स वसूली की सख्त मुहिम शुरू कर दी है। शुक्रवार को निगम की कई टीमें वार्ड क्रमांक 74 में उतरकर घर, दुकान और भवन का सर्वे करने पहुंचीं। इस बार निगम का रुख बेहद सख्त है, जो बकाया टैक्स देगा, वही बच पाएगा। कमिश्नर ने स्पष्ट कर दिया है कि इस मुहिम के नतीजों के आधार पर सहायक राजस्व अधिकारियों की कुर्सी तक हिल सकती है। साथी घर की नपती कर पुराने टैक्स और नए टैक्स का मिलान किया जाएगा। कई टैक्स बकाया दारू के टैरिफ में भी बदलाव हो सकता है। शहरभर में 'पीली गैंग' के नाम से मशहूर टैक्स टीमों ने वार्ड 74 में मोर्चा संभाल लिया है। अधिकारियों ने पुराने टैक्स रिकॉर्ड निकालकर घर-घर नपती शुरू कर दी है। जिनके पास पुराने टैक्स की स्लिप नहीं मिली, उन्हें तुरंत नोटिस थमाए जा रहे हैं। वार्ड 74 में अवैध होस्टलों की भरमार पर भी निगम ने नकेल कस दी है। भवन अधिकारी और निरीक्षकों को मैदान में उतारा गया है ताकि बिना अनुमति चल रहे होस्टलों पर सीधी कार्रवाई की जा सके। इन अवैध गतिविधियों के कारण रहवासी लंबे समय से असुरक्षा में जी रहे हैं। इस मुहिम ने राजनीतिक गलियारों में भी हलचल मचा दी है। स्थानीय नेताओं ने टैक्स टीमों की कार्रवाई पर नाराजगी जताई है और महापौर पुष्यमित्र भार्गव तक फोन पहुंचने लगे हैं। कई लोगों का कहना है कि निगम की यह कार्रवाई त्योहार के बाद जनता पर सीधा बोझ डाल रही है।

## कांग्रेस का तंज: क्या इंदौर में अब विकास का मतलब सिर्फ सराफा चौपाटी है?

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर कांग्रेस ने नगर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव पर शहर के समग्र विकास की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस का कहना है कि महापौर का पूरा कार्यकाल ओर ध्यान केवल सराफा चौपाटी के सुधार और सौंदर्यीकरण पर केंद्रित है, जबकि शहर के अन्य इलाकों में सड़कें, नालियाँ, स्वच्छता और यातायात जैसी बुनियादी समस्याएँ ज्यों की त्यों बनी हुई हैं। महापौर जी, ऐसा लगता है मानो पूरे इंदौर शहर का भविष्य अब सराफा चौपाटी की चाट और पान पताशे पर टिका है! शहर के बाकी इलाके क्या किसी और ग्रह पर हैं?

कांग्रेस पार्टी ने बताया कि इस विषय पर महापौर को एक पत्र लिखा जाएगा, जिसमें उनसे यह पूछा जाएगा कि शहर के अन्य विकास कार्य आखिर कब शुरू होंगे। कांग्रेस ने कहा कि नगर निगम का दायरा केवल एक चौपाटी तक सीमित नहीं है- इंदौर की जनता हर वार्ड, हर गली और हर मोहल्ले में समान विकास की हकदार है।

### कांग्रेस नेताओं ने व्यंग्य में कहा

अगर विकास का मतलब केवल चौपाटी ही रह गया है, तो शायद आने वाले बजट में नगर निगम का नाम बदलकर 'चौपाटी निगम' रख देना चाहिए।

## सम्पादकीय

### दिल्ली में AQI 300 पार- राजधानी की हवा अब सिर्फ सांस लेने की चुनौती नहीं, चेतावनी है

सरकार प्रदूषण से निपटने के लिए इस बार भी उन्हीं उपायों को अपना रही है, जो बहुत कारगर नहीं रहे हैं। यह बेहद निराशाजनक है कि राजधानी और आसपास बढ़ते प्रदूषण को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा। हर वर्ष दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु प्रदूषण एक बड़ी समस्या के रूप सामने आता है। आज हालत यह है कि इसने लाखों लोगों की सेहत को जोखिम में डाल दिया है। सवाल यह है कि हर वर्ष कुछ महीने एक ही स्थिति रहने के बावजूद सरकार इस समस्या को काबू क्यों नहीं कर पा रही है। हर बार चंद कदम उठाए जाते हैं और जैसे ही मौसम बदलता है, सरकार हाथ पर हाथ रख कर बैठ जाती है, यह जानते हुए भी कि अगले साल भी यही समस्या होगी। इस समय दिल्ली में पिछले तीन दिनों से वायु गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की जा रही है। हालांकि इसकी एक वजह हवा की गति कम होना बताया जा रहा है। गौरतलब है कि शीर्ष न्यायालय ने निर्धारित समय में और एक निश्चित मापदंड के साथ हरित पटाखे छोड़ने की अनुमति दी थी। मगर जिस तरह से नियमों का उल्लंघन किया गया, उससे साबित हो गया कि नागरिकों में दायित्व बोध का किस हद तक अभाव है। नतीजा यह कि बुधवार को दिल्ली से लेकर नोएडा और गाजियाबाद तक वायु गुणवत्ता सूचकांक तीन सौ से ऊपर चला गया। अन्य इलाकों से भी प्रदूषण के इसी तरह बेलगाम होने की खबरें आईं। सवाल है कि मनमानी का नतीजा किसे भुगतना होगा। गौरतलब है कि दिल्ली में बीते सोमवार को वायु प्रदूषण चार वर्षों के उच्चतम स्तर पर चला गया था। इस हवा को बिगाड़ने में निस्संदेह उन लोगों का भी हाथ रहा जो पटाखे छोड़ने की छूट का मनमाना दुरुपयोग कर रहे थे। हालांकि पिछले वर्ष की तुलना में प्रदूषण कम होने की बात सरकारी स्तर पर कही गई है। जबकि दीपावली के अगले ही दिन आंखों में जलन और घुटन महसूस करने की शिकायतें आम थीं। पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में आसमान धुंधला हो चुका था। सरकार प्रदूषण से निपटने के लिए इस बार भी उन्हीं उपायों को अपना रही है, जो बहुत कारगर नहीं रहे हैं। यह बेहद निराशाजनक है कि राजधानी और आसपास बढ़ते प्रदूषण को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा। आज जरूरत इस समस्या का ठोस हल निकालने की है। यह नहीं भूलना चाहिए कि यह जीवन जीने के अधिकार से भी जुड़ा मसला है।

# बिहार चुनावः मुद्दों एवं मूल्यों से दूर भागती राजनीति

**वैसे तो हर एक का जीवन अनेकों विरोधाभासों एवं विसंगतियों से भरा रहता है। हमारा हर दिन भी कई विरोधाभासों के बीच बीतता है। आज तो हमारी सारी नीतियों में, हमारे सारे निर्णयों में, हमारे व्यवहार में, हमारे कथन में विरोधाभास स्पष्ट परिलक्षित है।**



बिहार में चुनावी रणभेरी बज चुकी है। हर दल अपने-अपने घोषणापत्र, नारों और वादों के साथ जनता को लुभाने में जुटा है। मंचों पर भाषणों की गरमी है, प्रचार रथ दौड़ रहे हैं, लेकिन इस शोर में सबसे बड़ी कमी है- जनता के असली मुद्दों की आवाज़। राजनीति का यह शोर विकास की असली जरूरतों को दबा रहा है। बिहार जैसे राज्य में जहां गरीबी, बेरोजगारी, अपराध, और सामाजिक पिछड़ापन अब भी विकराल रूप में मौजूद हैं, वहां चुनावी विमर्श का इनसे विमुख होना चिंताजनक है। यह लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व चुनाव का विरोधाभास ही नहीं, दुर्भाग्य है। सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर क्यों बिहार चुनाव में कोई भी दल उन मुद्दों को ईमानदारी से नहीं उठा रहा जो सीधे-सीधे जनता के जीवन से जुड़े हैं? क्यों शराबबंदी, बेरोजगारी, महिला सुरक्षा, अपराध-माफिया शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे वास्तविक सवाल राजनीतिक एजेंडे से गायब हैं?

बिहार में शराबबंदी एक बड़ा सामाजिक और राजनीतिक मुद्दा रहा है। यह मुद्दा केवल कानून का नहीं, बल्कि नैतिकता, सामाजिक सुधार और जनजीवन की स्थिरता से जुड़ा हुआ है। शराबबंदी की सफलता या विफलता को लेकर जनता के मन में अनेक प्रश्न हैं, क्योंकि इस नीति ने जहां कई परिवारों को विनाश से बचाया, वहीं भ्रष्टाचार, अवैध तस्करी और पुलिसिया मनमानी को भी जन्म दिया। दिलचस्प यह है कि इस बार के चुनाव में लगभग सभी प्रमुख दल इस मुद्दे से दूरी बनाए हुए हैं। एनडीए खेमे के नेता खुलकर इस पर बोलने से बच रहे हैं। केवल प्रशांत कुमार जैसे कुछ नेता हैं जो पूर्ण शराबबंदी की पुनः स्थापना का नारा उठा रहे हैं। यह सवाल उठता है, अगर शराबबंदी सचमुच जनता के हित में थी, तो सत्ता पक्ष इससे डर क्यों रहा है? क्या यह स्वीकारोक्ति है कि कानून तो बनाया गया, लेकिन उसका क्रियान्वयन असफल रहा? शराबबंदी क्यों जरूरी है, उस महिला से पूछिये, जिसकी बिछुए शराब पीने से लिये उसके पति ने बेच दी। ऐसी त्रासद घटनाएं बिहार के जन-जन में देखने को मिलती है।

वैसे तो हर एक का जीवन अनेकों विरोधाभासों एवं विसंगतियों से भरा रहता है। हमारा हर दिन भी कई विरोधाभासों के बीच बीतता है। आज तो हमारी सारी नीतियों में, हमारे सारे निर्णयों में, हमारे व्यवहार में, हमारे कथन में विरोधाभास स्पष्ट परिलक्षित है। लेकिन बिहार चुनाव ऐसे विरोधाभास के कारण कथनी करनी के अंतर का अखाड़ा ही बनते हुए प्रतीत होते हैं। यही कारण है कि हमारे जीवन में सत्य खोजने से भी नहीं मिलता। राजनेताओं एवं राजनीतिक दलों का व्यवहार दोगला हो गया है। उनके द्वारा दोहरे मापदण्ड अपनाने से हर नीति, हर निर्णय समाधानों से ज्यादा समस्याएं पैदा कर रहे हैं। चुनाव एवं चुनावी मुद्दें समस्याओं के समाधान का माध्यम बनने चाहिए, लेकिन वे समस्याओं को बढ़ाने का जरिये बनते रहे हैं। यही कारण है कि शिक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी, महिला-सुरक्षा, अपराध-नियंत्रण की प्राथमिकता के नारे हमारे लिए स्वप्न ही बने हुए हैं।

ये तो कुछ नमूने हैं जबकि स्वतंत्रता के 78 वर्ष बाद भी हमें अहसास नहीं हो रहा है कि हम स्वतंत्र हैं। राजनीतिक विरोधाभासों और विसंगतियों से उत्पन्न समस्याओं से हम आज़ाद नहीं हुए हैं। हमारे कर्णधारों के चुनावी भाषणों में आदर्शों का व्याख्यान होता है और कृत्यों में भुला दिया जाता है। सबसे बड़ा विरोधाभास यह है कि हम हर स्तर पर वैश्वीकरण व अपने को बाजार बना रहे हैं। अपने को, समय को पहचानने वाला साबित कर रहे हैं। पर हमने अपने आप को, अपने भारत को, अपने बिहार को, अपने पैरों के नीचे की जमीन को नहीं पहचाना। नियति भी एक विसंगति का खेल खेल रही है। पहले जेल जाने वालों को कुर्सी मिलती थी, अब कुर्सी पाने वाले जेल जा रहे हैं। यह नियति का व्यंग्य है या सबक? पहले नेता के लिए श्रद्धा से सिर झुकता था अब शर्म से सिर झुकता है। जिन्दा कौमें पांच वर्ष तक इन्तजार नहीं करतीं, हमने 15 गुना इंतजार कर लिया है। यह विरोधाभास नहीं, दुर्भाग्य है, या सहिष्णुता कहें? जिसकी भी एक सीमा होती है, जो पानी की तरह गर्म होती-होती 50 डिग्री सेल्सियस पर भाप की शक्ति बन जाती है। बिहार इस नियति से कब मुक्त होगा, यही इस चुनावों में विमर्श का सबसे बड़ा मुद्दा होना चाहिए।

बिहार की सबसे बड़ी त्रासदी बेरोजगारी है। लाखों युवाओं के पास न काम है, न अवसर। हर चुनाव में इस पर वादे किए जाते हैं, लेकिन परिणाम लगभग शून्य रहते हैं। प्रदेश के नौजवान पलायन को मजबूर हैं, मजदूरी के लिए दूसरे राज्यों का रुख करते हैं। चुनावी सभाओं में नौकरियों का झांसा तो मिलता है, लेकिन ठोस योजनाएं और नीतियां कहीं दिखाई नहीं देतीं। राजनीतिक दलों के पास न तो रोजगार सृजन की दीर्घकालिक योजना है, न शिक्षा और कौशल विकास को जोड़ने की कोई ठोस रणनीति। चुनावी भाषणों में 'बिहार के विकास' की बातें होती हैं, लेकिन युवा भविष्य की वास्तविक चिंता कहीं नहीं झलकती। बिहार में महिला सुरक्षा, अपराध और माफिया तंत्र का प्रश्न भी उतना ही ज्वलंत है। हाल के वर्षों में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में लगातार वृद्धि हुई है। भूमि विवादों, रंगदारी और राजनीतिक संरक्षण प्राप्त अपराधियों की गतिविधियाँ अब भी जारी हैं। मगर किसी भी दल की ओर से इन पर कोई ठोस नीति या वचन नहीं दिखाई देता।

राजनीतिक दल जानते हैं कि इन विषयों पर बात करना असुविधाजनक है, क्योंकि यह सीधा शासन व्यवस्था की विफलता को उजागर करता है। इसलिए वे इन पर मौन साधे हुए हैं। अपराध और महिला सुरक्षा पर चुप्पी बताती है कि सत्ता प्राप्ति की होड़ में संवेदनशीलता की कोई जगह नहीं बची है। बिहार की राजनीति आज भी जातीय समीकरणों और तुष्टिकरण की जकड़ में फंसी हुई है। विकास और सुशासन की बातें केवल नारों तक सीमित हैं। उम्मीदवार चयन से लेकर प्रचार तक, हर जगह जातीय गणित प्राथमिकता में है। परिणाम यह है कि मुद्दे हाशिये पर चले जाते हैं और वोट बैंक की राजनीति सर्वोच्च स्थान पा लेती है। विकास के नाम पर किए गए बड़े-बड़े दावे चुनाव बीतते ही धुंधले पड़ जाते हैं। गांवों में आज भी सड़कें टूटी हैं, अस्पतालों में डॉक्टर नहीं हैं, स्कूलों में शिक्षक नहीं हैं, और प्रशासनिक तंत्र भ्रष्टाचार से ग्रस्त है। ऐसे में जब राजनीतिक दल मुद्दों पर संवाद करने के बजाय केवल आरोप-प्रत्यारोप में व्यस्त हों, तो जनता का विश्वास कमजोर पड़ना स्वाभाविक है।

आज बिहार को ऐसे नेतृत्व की आवश्यकता है जो चुनाव को जन-कल्याण के दृष्टिकोण से देखे, न कि केवल सत्ता प्राप्ति की दौड़ के रूप में। शराबबंदी, रोजगार, अपराध-मुक्ति, महिला सुरक्षा, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मुद्दे बिहार राज्य की आत्मा हैं। इन्हें नज़रअंदाज़ करना, बिहार के भविष्य को अंधेरे में धकेलने जैसा है। विकास का अर्थ केवल सड़कें और पुल नहीं, बल्कि मानव विकास है, जहां हर व्यक्ति सुरक्षित, शिक्षित, रोजगारयुक्त और सम्मानजनक जीवन जी सके। राजनीतिक दलों को यह समझना होगा कि जनता अब केवल नारों से नहीं, परिणामों से प्रभावित होती है। बिहार चुनाव हमें यह सोचने पर विवश करता है कि क्या राजनीति अब केवल सत्ता का खेल बनकर रह गई है? क्या लोकतंत्र का मूल उद्देश्य जनसेवा-अब खो गया है? जब जनता के असली मुद्दे, जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी, महिला सुरक्षा और सामाजिक न्याय, चुनावी भाषणों से गायब हो जाएं, तब यह लोकतंत्र के क्षरण का संकेत है।

जरूरत है कि राजनीतिक दल फिर से उन बुनियादी प्रश्नों पर लौटें, जिन पर बिहार का वर्तमान और भविष्य निर्भर करता है। यदि वे ऐसा नहीं करते, तो बिहार की जनता का यह चुनाव एक बार फिर केवल चेहरों और गठबंधनों का उत्सव बनकर रह जाएगा, जहाँ जनहित और जनसरोकार फिर से पीछे छूट जाएंगे। बिहार को नारों नहीं, नीतियों की राजनीति चाहिए और यह तभी संभव है, जब मुद्दों पर बात करने का साहस राजनीति में लौट आए।

**- ललित गर्ग**
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

## आंचलिक

### 25 प्रतिशत नम कपास भी खरीदने प्रदर्शन मंडी में किसानों ने बैठकर नारेबाजी की

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगौन** • खरगोन में किसानों ने कपास खरीदी के मापदंडों के विरोध में मंडी गेट पर प्रदर्शन किया। 100 से ज्यादा किसानों ने पहुंचकर 25% नमी वाले कपास की खरीदी की मांग की। प्रशासन ने कपास मंडी में खरीदी शुरू की थी, लेकिन नमी के मापदंडों और दोषपूर्ण खरीदी को लेकर किसानों ने विरोध जताया। किसान प्रतिनिधियों ने कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के इस्तीफे की भी मांग की। सूचना मिलने पर डिप्टी कलेक्टर अनिल जैन, कोतवाली थाना प्रभारी बीएल मंडलोई, उपसंचालक कृषि एसएस राजपूत, मंडी सचिव शर्मिला निनामा और सीसीआई खरीदी अधिकारी गणेश धसकट मौके पर पहुंचे।

अधिकारियों ने किसानों को समझाया कि खरीदी शुरू हो गई है और वे सीसीआई के निर्धारित मापदंडों के अनुसार उपज लाएं ताकि उन्हें उचित मूल्य मिल सके। सीसीआई ने खरीदी के लिए 6 बैलगाड़ी कपास मंडी में मंगवाया था, जिसमें से केवल तीन वाहन का कपास खरीदा गया। शेष कपास को 15 से 16 प्रतिशत



नमी के कारण खरीदने से मना कर दिया गया। किसान प्रतिनिधियों ने 25% तक नमी वाले कपास की खरीदी की मांग की और नमी मापने वाली मशीन पर भी सवाल उठाए। उन्होंने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कपास खरीदने की भी मांग की। इस दौरान जिला अध्यक्ष किशोर पाटीदार सहित राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के बड़ी संख्या में प्रतिनिधि मौजूद थे।

### पंधाना मंडी के बाहर किसानों का चक्काजाम किसान बोले- व्यापारियों से मिले हैं अफसर

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** • पंधाना कृषि उपज मंडी के बाहर किसानों ने मुख्य रोड पर चक्काजाम किया। आरोप है कि मंडी अफसर, व्यापारियों से मिले हुए हैं। किसान कितने भी परेशान होकर फसल मंडी तक लाएं, यहां औने-पौने दाम में ही खरीदी जा रही है। जिस मक्का का एमएसपी 2400 हैं, वह 800 रूपए प्रति क्विंटल में बिक रही हैं। किसानों ने मंडी के बाहर दीवाल रोड़ पर चक्काजाम किया है। किसानों ने मंडी प्रशासन पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि नीलामी के दौरान जब व्यापारियों को मंडी में मौजूद होना चाहिए, उस समय व्यापारी अपनी दुकानें खोलकर रखते हैं। नीलामी में आते नहीं हैं और दुकान पर मनमाने रेट पर उपज खरीदते हैं। इस तरह वो लोग किसान का तो नुकसान कर ही रहे हैं, यहां तक कि मंडी टैक्स भी बचा रहे हैं।

#### जो उपज किसान के पास, उसका भावांतर नहीं

इधर, संयुक्त कृषक संगठन के प्रवक्ता जय



पटेल ने कहा कि सरकार सरासर किसानों के साथ अन्याय कर रही हैं। एमएसपी से आधे से भी आधे दाम में मंडियों में उपज बिक रही हैं। सरकार ने सोयाबीन के लिए एक भावांतर योजना शुरू की हैं, जबकि किसानों के पास सोयाबीन की उपज ही नहीं है। वहीं मक्का की उपज इस बार किसानों के पास हैं तो उस पर भावांतर का लाभ नहीं दिया जा रहा है। मक्का का एमएसपी 2400 रुपए हैं, लेकिन भाव 800 रुपए क्विंटल दिया जा रहा है, यह कैसा न्याय हैं।

### पूर्व विधायक के भतीजों समेत 8 नामजद, 80 अज्ञात पर भी एफआईआर किसान रैली के दौरान कलेक्ट्रेट कार्यालय में उग्र प्रदर्शन किया था

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** • पुलिस ने पूर्व विधायक ठाकुर सुरेंद्र सिंह शेरा भैया के भतीजों, कांग्रेस नेता हर्षित ठाकुर और आदित्य ठाकुर सहित 8 नामजद तथा 80 से अधिक अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह कार्रवाई शासकीय कार्य में बाधा, बलवा और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में की गई है। दर्ज किए गए मामले में हर्षित ठाकुर, आदित्य ठाकुर के अलावा दीपक श्रीधर, शिवकुमार सिंह कुश्वाह, निलेश चौधरी, बाडु नारायण, निलेश पासे और गोकुल चौधरी को नामजद किया गया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अन्य अज्ञात लोगों की पहचान करने में जुटी है। यह घटना गुरुवार को तब हुई जब किसानों ने अपनी केला फसल पर बीमा का लाभ नहीं मिलने और एमएसपी पर केले की खरीदी की मांग को लेकर एक रैली निकाली थी। रैली दोपहर में कलेक्टर कार्यालय के सामने पहुंची। रैली को निर्धारित मार्ग से रेणुका रोड पर निकलना था, लेकिन पीछे से आई भीड़ ने एसडीएम द्वारा दी गई अनुमति का उल्लंघन करते हुए कलेक्टर कार्यालय में जबरन घुसने का प्रयास किया।

### ऊन महालक्ष्मी मंदिर में अन्नकूट महोत्सव, गोपाष्टमी पर होगा 21 कुंडी महायज्ञ

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगौन** • खरगोन के ऊन स्थित महालक्ष्मी मंदिर में इस वर्ष गोपाष्टमी पर्व के अवसर पर तीन दिवसीय अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।एक लाख से अधिक श्रद्धालु माता महालक्ष्मी के दर्शन के लिए पहुंचेंगे। मंदिर के पुजारी नरेंद्र पंडित ने बताया कि गोपाष्टमी, 29 अक्टूबर (बुधवार) को विशेष रूप से मनाई जाएगी। इस दिन माताजी का अलौकिक श्रृंगार किया जाएगा और भक्तों द्वारा भोग अर्पित किया जाएगा। इसके बाद 21 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन होगा, जिसमें यजमान आहुतियां देंगे। उन्होंने बताया कि सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक विशाल भंडारे का आयोजन रहेगा। यह भंडारा मंदिर की परंपरा के अनुसार हर वर्ष आयोजित किया जाता है और इस बार इसका 12वां वर्ष है।महोत्सव के दौरान



क्षेत्र के लगभग 25 गांवों से करीब 1000 सेवादार अपनी सेवाएं देंगे। आयोजन स्थल पर व्यवस्थाओं को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सजावट, प्रकाश व्यवस्था और भक्तों की सुविधाओं के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं।

### मंडी कर्मचारियों का काली पट्टी बांधकर विरोध, 1500 करोड़ कर्ज लेने के फैसले का विरोध

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** • बुरहानपुर कृषि उपज मंडी समिति के कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन मंडी कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर संतोष सिंह दीक्षित के नेतृत्व में हुआ। कर्मचारियों की मुख्य मांगें पूरी न होने और भावांतर योजना के लिए 1500 करोड़ रुपए का ऋण लेने के फैसले के विरोध में यह प्रदर्शन किया जा रहा है। जिला अध्यक्ष श्रीकांत गंगराड़े ने बताया कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा भावांतर सोयाबीन योजना के संचालन हेतु मंडी बोर्ड पर 1500 करोड़ रुपए का ऋण लेने का दबाव बनाया जा रहा है। कर्मचारियों का तर्क है कि यह निर्णय अनुचित है, क्योंकि शासन पूर्व में भी मंडी बोर्ड से हजारों करोड़ रुपए ले चुका है, जिसे आज तक वापस नहीं किया गया है।

### वन भूमि पर आवास बने, नेपानगर में रिटायर्ड कर्मचारियों ने जमीन नगरपालिका को देने की अपील

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** • बुरहानपुर के नेपानगर में नेपा लिमिटेड के सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने 1665 एकड़ वन भूमि को राजस्व भूमि में बदलने की मांग को लेकर शुक्रवार को रैली निकालकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।सुबह सेवानिवृत्त कर्मचारी नेपा मिल गेट के पास एकत्रित हुए और वहां से रैली निकालते हुए नेपा मिल के एडमिन ऑफिस पहुंचे। यहां कर्मचारियों ने डीजीएम सुरेंद्र मेहता को ज्ञापन सौंपा। इसके बाद सभी अंबेडकर चौराहा पहुंचे और नेपानगर तहसीलदार आई.एस. गनावा को भी ज्ञापन दिया।



संगठन के अध्यक्ष सौजन्य तिवारी और सचिव राजाराम पटेल ने बताया कि नेपा लिमिटेड को केंद्र सरकार द्वारा 1762 एकड़ भूमि आवंटित की गई थी। इसमें से 107 एकड़ भूमि कारखाने की है, जबकि शेष 1665 एकड़ भूमि पर कर्मचारियों के आवास बने हुए हैं, जो अभी वन भूमि के रूप में दर्ज है। कर्मचारियों की मांग है कि यह भूमि वन विभाग से लेकर राज्य सरकार नगर पालिका को सौंपे, ताकि इसे कर्मचारियों और श्रमिकों को लीज पर आवंटित किया जा सके। संगठन का कहना है कि भूमि के राजस्व क्षेत्र में आने से नेपानगर के विकास को नई दिशा मिलेगी। इससे स्थानीय लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना जैसे सरकारी लाभ मिल सकेंगे, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, स्वास्थ्य और व्यापारिक सुविधाएं बेहतर होंगी और वन विभाग के नियमों से मुक्ति मिलने के बाद लोग अपने घर और व्यवसाय को विकसित कर सकेंगे।

### चलती ट्रेन पर चढ़ने के दौरान बाल-बाल बचा यात्री:खंडवा रेलवे स्टेशन पर हादसा टला

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** • रेलवे स्टेशन पर मंगलवार रात एक बड़ा हादसा टल गया। चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश कर रहा एक यात्री प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच फंस गया, जिसे आरपीएफ जवान संतोष यादव ने समय रहते बचा लिया। इस घटना का वीडियो शुक्रवार को सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जानकारी के अनुसार, हिंगोली, महाराष्ट्र के रहने वाले अरुण कुमार 22709 ट्रेन से हुजुर साहेब नांदेड़ से मथुरा जा रहे थे। खंडवा स्टेशन पर ट्रेन रुकने के दौरान वे खाने-पीने का सामान लेने उतरे थे। जब ट्रेन चलने लगी, तो वे दौड़कर उसे पकड़ने की कोशिश करने लगे, लेकिन उनका पैर फिसल गया और वे प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच फंस गए।

# कुशाग्र व तान्या को जिला एवं शिवम व श्रेया को कार्पोरेशन योग टीम की कमान



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • मध्यप्रदेश योगा एसोसिएशन के तत्वावधान में इंदौर जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा 25 व 26 अक्टूबर को पंथ वैध कॉलोनी स्थित श्री समर्थ मठ संस्थान में आयोजित होने वाली 43वी मध्यप्रदेश स्टेट योगा चैंपियनशिप में भाग लेने वाली इंदौर जिला व इंदौर कार्पोरेशन योग टीम की घोषणा क्रमशः जिला व कार्पोरेशन योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन अध्यक्ष हरिनारायण यादव एवं ईश्वर बाहेती ने की । जिला एवं कार्पोरेशन बालक व बालिका टीम का नेतृत्व क्रमशः कुशाग्र जैन व तान्या सेन एवं शिवम छलोत्रे व श्रेया शर्मा करेंगे।

**कार्पोरेशन बालक टीम:** शिवम छलोत्रे ; कप्तान, अर्णव निगम, वरदान बाहेती, विवान पाण्डेय, अनिरुद्ध कदम, आरुष मिश्रा, प्रियज गुप्ता, विनय मनावरे, हार्दिक सुनेर, अनुज सुनेर, आरव जैन, तक्ष मूणत, संकेत मोहाबे, भावेश चौहान, जयंत परमार, मानवीत देवांगन ।

**बालिका टीम:** श्रेया शर्मा–कप्तान, महिका सिसोदिया, हरिप्रिया दुबे, हनीशा चौधरीए तश्फा खान, अद्विका छजलानी, अद्विका माहेश्वरी, एलिशा शर्मा, दीक्षिका परिहार, समीक्षा गायकवाड, आराध्या यादव, मानवी किंगे, मीशा पटेल, हर्षी सिंह शेष, दिशिता ब्लागट, साक्षी ठाकुर। कार्पोरेशन बालक व बालिका टीम के कोच क्रमशः अतुल दुबे व अनुज्ञा तिवारी एवं मैनेजर अभिषेक पांडे होंगे ।

## जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप : भारत में होने वाले जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप से हटा पाकिस्तान



**नई दिल्ली (एजेंसी)** • सुल्तान ऑफ जोहर कप हॉकी टूर्नामेंट में भारत–पाकिस्तान के अंडर–23 खिलाड़ियों ने मैच शुरू होने से पहले एक–दूसरे से हाथ मिलाए थे। पाकिस्तान की टीम भारत में 28 नवंबर से होने जा रहे जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप से हट गया है। इंटरनेशनल हॉकी महासंघ ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की। एफआईएच ने एक बयान में कहा, पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन ने आधिकारिक तौर पर सूचित किया है कि उसकी टीम इस टूर्नामेंट में भाग नहीं लेगी। पाकिस्तान की जगह कौन सी टीम खेलेगी, इसका ऐलान जल्द किया जाएगा। पाकिस्तान को पूल बी में भारत, चिली और स्विट्जरलैंड के साथ रखा गया था। 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले और उसके बाद भारत के ऑपरेशन सिंदूर के कारण भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव की स्थिति है।

## कोहली अभी संन्यास नहीं लेंगे, सिडनी में बड़ी पारी खेलेंगे : गावस्कर



**सिडनी (एजेंसी)** • भारतीय टीम के बल्लेबाज विराट कोहली ने जिस प्रकार से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार दूसरे एकदिवसीय में शून्य पर आउट होने के बाद अपना दाहिना हाथ उठाकर भीड़ की तरफ हिलाया, उससे उनके संन्यास की अटकलें शुरु हो गयीं। प्रशंसकों को ऐसा लगा जैसे वह अपने आखिरी मैच में दर्शकों का आभार जता रहे हों। वहीं महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर इससे सहमन नहीं हैं। गावस्कर के अनुसार विराट के मन में संन्यास का ख्याल नहीं है। उन्होंने कहा कि उनका जेस्चर बस उस भीड़ का धन्यवाद करना था जो उन्हें स्टैंडिंग ओवेशन देती आई है। गावस्कर ने कहा कि विराट सिडनी में सीरीज के तीसरे और आखिरी एकदिवसीय में भी खेलेंगे। गावस्कर ने कहा कि कोहली में अभी बहुत सारा क्रिकेट बचा हुआ है। वह बहुत कम मौकों पर विफल हुए हैं। उन्होंने कहा कि शनिवार को सिडनी में कोहली अच्छी वापसी करेंगे। उन्होंने कहा, विराट उस तरह का खिलाड़ी नहीं है जो आसानी से हार मान जाए। क्या आप वाकई सोचते हैं कि वह लगातार दो बार शून्य बनाने के बाद रिटायर हो जाएंगे? नहीं, बिल्कुल नहीं। वह हाई नोट पर रिटायर होना चाहेंगे। सिडनी का मैच अभी बाकी है और उसके बाद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज है वह 2027 के विश्व कप में रोहित के साथ होंगे। गावस्कर ने कहा, 'देखिए, उनके नाम 14000 से ज्यादा रन हैं, 52 एकदिवसीय शतक हैं और 32 टेस्ट शतक भी है। उन्होंने हजारों रन बनाए हैं इसलिए उनका एकाध बार असफल होना चलता है। जो कुछ हुआ उसका बहुत ज्यादा मतलब मत निकालिए। अभी उनमें बहुत क्रिकेट बचा हुआ है। आगे बहुत क्रिकेट है। हो सकता है कि सिडनी में हम उनसे कोई बड़ी पारी देखें।' गावस्कर ने आगे कहा, 'एडिलेड निश्चित तौर पर ऑस्ट्रेलिया में उनका पसंदीदा मैदाना रहा है। उन्होंने वहां शतक बनाए हैं, इसलिए स्वाभाविक है कि हर कोई उनसे यहां कुछ बड़े स्कोर की उम्मीद कर रहा था पर वैसा नहीं हुआ।' गावस्कर ने कहा, जब वह बल्लेबाजी के लिए आए तो लोगों ने खड़े होकर उनका सम्मान किया। ज्यादातर दर्शक ऑस्ट्रेलियाई थे, इसलिए ये और भी खुशी की बात है।

## सिने जगत

# फिल्म 'हक' से यामी और इमरान के शानदार पोस्टर रिलीज

**मुंबई (एजेंसी)** • जंगली पिक्चर्स ने इमरान हाशमी और यामी गौतम की फिल्म हक का नया पोस्टर रिलीज़ कर दिया है। फिल्म हक़ को जंगली पिक्चर्स ने इसे प्रोड्यूस किया है। यामी गौतम धर और इमरान हाशमी के नए जारी किए गए किरदार पोस्टर हक़ की दुनिया की एक दमदार पहली झलक देते हैं। जंगली पिक्चर्स ने इनसोम्निया फिल्म्स और बावेजा स्टूडियोज के साथ मिलकर फिल्म 'हक' का निर्माण किया है। यह एक दमदार ड्रामा है, जो मोहम्मद अहमद खान बनाम शाह बानो बेगम मामले में सर्वोच्च न्यायालय के ऐतिहासिक फैसले से प्रेरित है। फिल्म में यामी गौतम धर और इमरान हाशमी मुख्य भूमिकाओं में हैं, और इसका निर्देशन सुपर्ण एस. वर्मा ने किया है। मध्य प्रदेश के इंदौर की शाह बानो बेगम को 1978 में उनके पति ने तलाक दे दिया था। इसके बाद शाह बानो ने सर्वोच्च न्यायालय में एक आपराधिक मुकदमा दायर किया, जिसमें उन्होंने अपने पति से गुजारा भत्ता पाने का अधिकार जीता। सात साल लंबी कानूनी लड़ाई के बाद, 1985 में सर्वोच्च न्यायालय ने शाह बानो के पक्ष में फैसला सुनाया।



## वाणी कपूर ने जताई राजधानी के वायू प्रदूषण पर चिंता

**मुंबई (एजेंसी)** • नईदिल्ली की वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) का स्तर 447 तक पहुंच गया। इसे दुनिया में सबसे अधिक प्रदूषित दर्ज किया गया। इस पर बॉलीवुड अभिनेत्री वाणी कपूर ने गहरी चिंता जताई और लोगों से पर्यावरण के प्रति संवेदनशील होने की अपील की। वाणी कपूर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करते हुए लिखा, सुबह उठी तो दिल्ली का एक्यूआई 447 था, जो आज दुनिया में सबसे अधिक है। शायद अगले साल, हम हवा को प्रदूषित किए बिना जश्न मनाने का तरीका खोज लें। उनका यह बयान साफ तौर पर दीपावली की रात पटाखों से बढ़े प्रदूषण की ओर इशारा कर रहा था। हर साल दीपावली के बाद दिल्ली–एनसीआर का वायु स्तर गिर जाता है, और इस बार भी हालात अलग नहीं रहे। विशेषज्ञों के मुताबिक, पटाखों के साथ–साथ पराली जलाने और ठंडी हवाओं के कारण प्रदूषक तत्व जमीन के पास जमा हो जाते हैं, जिससे हवा जहरीली हो जाती है। इस वजह से सांस संबंधी बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है।



## उज्जैन संभाग

# एयरपोर्ट निर्माण की दिशा में बड़ी पहल, सर्वे शुरू, कुंभ से पहले शुरू होगा विमानों का संचालन

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**उज्जैन** • महाकाल की नगरी उज्जैन को अपना एयरपोर्ट मिलने की दिशा में अब ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। उज्जैन एयरपोर्ट के लिए सर्वे शुरू हो गया है। जल्द ही एविएशन विभाग की टीम उज्जैन पहुंचेगी, इसके बाद एयरपोर्ट निर्माण की प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू हो जाएगी। कलेक्टर रौशन सिंह ने बताया कि एयरपोर्ट निर्माण का लक्ष्य 2028 में होने वाले सिंहस्थ कुंभ मेले से पहले पूरा करना है। इसके लिए मौजूदा एयर स्ट्रिप के पास करीब 250 एकड़ नई जमीन अधिग्रहित की जाएगी। शासन ने भू–अर्जन की प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी कर ली है, ताकि कार्य में तेजी लाई जा सके।



### एविएशन ने भेजा स्वीकृति पत्र

एविएशन विभाग ने नई दिल्ली से स्वीकृति पत्र प्रदेश सरकार को भेजा है, जिसमें कलेक्टर को भूमि अधिग्रहण और आवश्यक तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। एयरपोर्ट के तहत वर्तमान में मौजूद 950 मीटर लंबे रनवे को बढ़ाकर 1800 मीटर किया जाएगा। इस पर 250 करोड़ रुपए से अधिक राशि खर्च होने का अनुमान है। भविष्य में एयरपोर्ट के दूसरे चरण के लिए अतिरिक्त जमीन की भी आवश्यकता होगी।

### चार साल पहले शुरू हुई थी कवायद

दताना हवाई पट्टी को एयरपोर्ट में तब्दील करने की कवायद चार साल पहले शुरू हुई थी। उस समय केंद्रीय उड्डयन मंत्री रहे ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इसके निर्माण के निर्देश दिए थे। इसके बाद उज्जैन सांसद अनिल फिरोजिया ने सिंधिया और तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से एयरपोर्ट निर्माण की मांग की थी।

### पर्यटन के क्षेत्र में प्रगति करेगा उज्जैन

अब मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने गृहनगर उज्जैन में एयरपोर्ट बनाने के लिए राशि मंजूर करते हुए केंद्र सरकार के साथ मिलकर परियोजना को आगे बढ़ाने का फैसला किया है। एयरपोर्ट शुरू होने के बाद उज्जैन को पर्यटन और व्यापार के क्षेत्र में नई उड़ान मिलने की उम्मीद है।

# दोस्त ने धारदार हथियार से किया हमला इलाज के दौरान युवक की मौत; पुराने विवाद पर नशे में हुई थी कहासुनी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**उज्जैन** • उज्जैन के नीलगंगा क्षेत्र में गुरुवार देर रात शराब के नशे में दोस्त ने ही अपने साथी पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। घायल युवक को चरक भवन अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान शुक्रवार सुबह उसकी मौत हो गई। पुलिस ने हमलावर को उसी रात हिरासत में ले लिया था।

नीलगंगा थाना क्षेत्र के हनुमान नाका शिवाजी नगर निवासी अर्पित राठौर (24 वर्ष) को गुरुवार रात गंभीर हालत में चरक भवन अस्पताल लाया गया था। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे एक निजी अस्पताल लेकर गए, जहां उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी गौतम निवासी नीलगंगा चौराहा को वारदात के तुरंत बाद हिरासत में लिया गया और उसके पास से हत्या में प्रयुक्त हथियार भी जब्त किया गया।



जांच में सामने आया कि मृतक अर्पित और आरोपी गौतम आपस में दोस्त थे। कुछ दिन पहले दोनों के बीच विवाद हुआ था, जो बाद में सुलझ गया था। गुरुवार रात दोनों फिर से शराब के नशे में मिले और पुराने विवाद को लेकर कहासुनी हो गई। इसी दौरान गौतम ने धारदार हथियार से अर्पित पर हमला कर दिया। पहले पुलिस ने आरोपी पर जानलेवा हमले का केस दर्ज किया था, लेकिन युवक की मौत के बाद धारा बढ़ाकर हत्या का प्रकरण दर्ज किया गया है।

# आगर में सोयाबीन, 5100 प्रति क्विंटल बिका : आज मंडी में 7000 क्विंटल उपज पहुंची, शुभ मुहूर्त खरीदी पर किसान का सम्मान

**दैनिक इंदौर संकेत**

**आगर - मालवा** • आगर मालवा में दीपावली के बाद शुक्रवार को कृषि उपज मंडी में शुभ मुहूर्त के साथ सोयाबीन की खरीदी शुरू हुई। ग्राम नरवल के किसान हीरालाल का सोयाबीन ?5100 प्रति क्विंटल के भाव से खरीदा गया।

यह खरीदी केसर एंड कंपनी की नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से की गई। मंडी में लगभग 7000 क्विंटल सोयाबीन की आवक दर्ज की गई।



### पहली खरीदी पर किसान का सम्मान किया

इस अवसर पर मंडी प्रशासन और व्यापारी एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने किसान हीरालाल का तिलक लगाकर शाल और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। मंडी परिसर में खरीदी शुरू होते ही उत्साह का माहौल देखा गया। व्यापारियों और किसानों दोनों ने उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में आवक बढ़ने के साथ ही सोयाबीन के दामों में स्थिरता और बढ़ोतरी हो सकती है। मंडी सचिव ने बताया कि दीपावली अवकाश के बाद आज से सोयाबीन की नियमित नीलामी शुरू कर दी गई है। खरीदी कार्य पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराया जा रहा है, ताकि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सके।

## मुहूर्त के सौदों में चना 13 हजार रुपये प्रति क्विंटल बिका, सोयाबीन के कम भाव से किसान निराश

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**उज्जैन** • दीपावली अवकाश के बाद कल उज्जैन की कृषि उपज मंडी में शुभ मुहूर्त का आयोजन बड़े उत्साह के साथ हुआ। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और मंडी के पदाधिकारियों ने शिरकत की। व्यापारियों ने इस शुभ मुहूर्त में बैलगाड़ी पर आई किसानों की उपज के लिए जोरदार बोली लगाई। मंडी अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल ने बताया कि मुहूर्त के सौदों में व्यापारियों ने किसानों को उच्चतम भाव देने का प्रयास किया। इस दौरान चना रिकॉर्ड 13 हजार रुपये प्रति क्विंटल तक बिका, जो प्रदेश में उच्चतम भाव रहा, साथ ही गेहूं के भी अच्छे भाव लगे। उन्होंने कहा कि यह प्रदेश सरकार की किसानों को उचित पैसा दिलाने की मंशा के अनुरूप है। हालांकि सोयाबीन के भाव को लेकर किसानों में निराशा देखने को मिली। एक किसान ने बताया कि उनकी सोयाबीन मात्र 4,600 रुपये क्विंटल बिकी, जबकि पिछले वर्षों में मुहूर्त पर यह भाव 6 हजार रुपये तक जाता था। उन्होंने बताया कि सोयाबीन की कम कीमत से लागत भी नहीं निकल पा रही है लेकिन उन्हें उम्मीद है कि भावांतर योजना के पंजीयन के बाद सरकार से लाभ मिलेगा। एक किसान प्रतिनिधि ने मुहूर्त के सौदों में केवल बैलगाड़ी को प्राथमिकता देने पर सवाल उठाए और मांग की कि ट्रॉली को भी लॉटरी सिस्टम में शामिल किया जाए।

# महामंत्री रणदिवे ने वरिष्ठ नेताओं से लिया आशीर्वाद

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मध्य प्रदेश बीजेपी कार्यकारिणी का गठन हो चुका है और टीम हेमंत खंडेलवाल सामने आ गई है। यह टीम हेमंत के साथ संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा की छाप वाली अधिक है। वहीं इसमें इंदौर के गौरव रणदिवे को महामंत्री, डॉ. निशांत खरे उपाध्यक्ष हैं और सांवेर के भगवान सिंह परमार को एससी मोर्चा का प्रमुख बनाया गया है। वहीं इंदौर में संभागीय संगठन मंत्री रह चुके जयपाल सिंह चावड़ा को किसान मोर्चा प्रमुख और मूल रूप से ग्वालियर-भिंड रीजन के शैलेंद्र बरुआ को भी उपाध्यक्ष का दर्जा मिला है। इस तरह इंदौर का वजन काफी बढ़ाया गया है।

**गौरव रणदिवे का महामंत्री बनना यानी नए समीकरण**–इन सभी के बीच में रणदिवे का महामंत्री बनना इंदौर की राजनीति में नए समीकरणों को जन्म दे रहा है। अब रणदिवे के महामंत्री बनने से इस गुट को बड़ा सपोर्ट मिल गया है। मराठी लॉबी जो ताई सुमित्रा महाजन से जुड़ी रही है। वह भी इस गुट के साथ हो रही है। वहीं भाई यानी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से थोड़ा दूरी रखने वाले नेता जैसे देपालपुर विधायक मनोज पटेल भी इनके साथ हो लिए हैं। महू विधायक उषा ठाकुर भी इनसे दूर नहीं होंगी, क्योंकि वह भाई गुट से काफी दूर हैं। विधायक मधु वर्मा, विधायक महेंद्र हार्डिया न्यूट्रल हैं और सभी के साथ हैं। विधायक रमेश मेंदोला, विधायक गोलू शुक्ला, नगराध्यक्ष सुमित मिश्रा की अपनी तिकड़ी है।

## कैलाश से खिलाई मिठाई, भोजन भाभी के साथ

महामंत्री बनने के बाद रणदिवे ने सभी बड़े नेताओं खंडेलवाल, सीएम, ताई, पूर्व महापौर कृष्णमुरारी मोघे, सत्तन गुरु, बाबूसिंह, कैलाश विजयवर्गीय व अन्य के लिए आभार जताया। गौरव गुरुवार रात को ही मिलने के लिए मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के यहां गए, यहां उनके पुत्र आकाश विजयवर्गीय, सावन सोनकर, हरिनारायण यादव व अन्य साथ थे। एक घंटे तक साथ में चर्चा हुई, फिर कैलाश विजयवर्गीय और उनकी पत्नी दोनों ने गौरव को मिठाई खिलाई। गौरव फिर रात को ही मोघे के यहां गए। बाद में विधानसभा चार की विधायक मालिनी गौड़ के यहां गए और यहां विधायक ने उन्हें टीका लगाया, साथ में भोजन किया। इस दौरान विधानसभा चार में जमकर आतिशबाजी हुई और खुलकर बताया गया कि गौरव रणदिवे, विधायक गौड़ के साथ हैं और यह गुट मजबूत हुआ है।





### कालरा कांड से ही गौरव दे रहे भाभी का साथ

बीजेपी एमआईसी मेंबर रहते हुए जीतू जाटव और पार्षद कमलेश कालरा के बीच हुए विवाद के दौरान रणदिवे ने अहम भूमिका निभाई थी। इस बुरे कांड में मजबूती से कालरा और विधानसभा चार का साथ दिया, जिसके बाद जीतू को 6 साल के लिए पार्टी से निकाला गया था। इसके बाद से ही विधायक गौड़ गुट और गौरव रणदिवे की मजबूत बॉन्डिंग रही है। बाद में पद से हटने के बाद जब दो नंबर के करीबी सुमित मिश्रा नगराध्यक्ष बने और चार नंबर गुट और रणदिवे दरकिनार हुए तो फिर यह करीब आए और खंडेलवाल के अध्यक्ष बनते ही सक्रिय हुए। इसका नतीजा अब पद के रूप में दिखा है।

## हेमंत ने संपर्क, काम और सब देखकर दिया पद

हेमंत खंडेलवाल ने गौरव को केवल संपर्क या टीम हितानंद से जुड़े होने के चलते पद नहीं दिया है। खासकर महामंत्री पद देना बताता कि वह इंदौर की राजनीति को संतुलन में ला रहे हैं। साथ ही गौरव के पांच साल लंबे इंदौर नगराध्यक्ष कार्यकाल में हुए पार्टी के एकतरफा कामों को भी मान्यता दी गई है। खंडेलवाल ने प्रदेशाध्यक्ष बनने के बाद गौरव को मंदसौर व अन्य जगह पार्टी के कुछ काम भी दिए और उनकी क्षमताओं को परखा था। इसके बाद ही उन्हें यह अहम पद दिया गया है।

## इंदौर से यह पद से चूके

नगराध्यक्ष इंदौर के पद से चूके टीनू जैन एक और पद पाने से चूक गए। इसी तरह उपाध्यक्ष रहे जीतू जिराती भी बाहर हो गए हैं। नानूराम कुमावत भी पिछड़ा मोर्चा के लिए लगे थे लेकिन पद नहीं मिला।

---

**फेसबुक लाइव में डॉ. रोहिणी का बड़ा दावा**

# ऑडियो असली है, फेक साबित करो तो दूंगी एक करोड़

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● पीएचडी स्कॉलर डॉ. रोहिणी घावरी ने फेसबुक पर लाइव आकर सांसद चंद्रशेखर आजाद को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि जो ऑडियो क्लिप उन्होंने अपनी फेसबुक प्रोफाइल पर पोस्ट किया है, वह पूरी तरह ओरिजनल है। अगर कोई इसे फेक या एआई जनरेटेड साबित कर दे, तो वह उसे एक करोड़ रुपए इनाम देंगी।

रोहिणी ने लाइव में कहा जिसे सच्चाई जाननी है वो मुझसे सवाल करे, मैं हर सवाल का जवाब दूंगी। उन्होंने कहा कि जब कोई महिला आगे बढ़ती है, तो वह अपनी मेहनत और लगन के दम पर बढ़ती है, लेकिन समाज में कुछ लोग उसकी सफलता का गलत मतलब निकालते हैं।





### मायावती पर आपत्तिजनक टिप्पणी

रोहिणी ने जो ऑडियो पोस्ट किया है उसमें नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद, बसपा सुप्रीमो मायावती और स्वर्गीय कांशीराम को लेकर आपत्तिजनक बातें करते नजर आ रहे हैं। डॉ. रोहिणी ने कहा कि बहनजी मायावती मेरे और पूरे समाज के लिए गौरव हैं। पर अफसोस इस बात का है कि उन्हीं के समाज के कुछ लोग उनके सामने तो तारीफ करते हैं, लेकिन पीछे से उनके सम्मान को ठेस पहुंचाने वाली बातें करते हैं। चंदशेखर ने भी यही किया है। इसी सोच को उजागर करने के लिए मैंने यह ऑडियो पोस्ट किया है। ताकि समाज में पता चले कि कैसी गंदी सोच है इसकी। यहीं नहीं उन्होंने कहा कि अब तो मैं पूरी तरह से एक्सपोज करूंगी। सारे प्रूफ हैं मेरे पास।

साथ ही डॉ. रोहिणी ने यह भी कहा कि कुछ लोगों के आरोप है कि मैं ये सब पैसों के लिए कर रही हूं, लेकिन ऐसा नहीं है मैं आखिरी दम तक लड़ूंगी। लाइव के दौरान कई लोग रोहिणी के समर्थन में कमेंट कर रहे थे, तो कुछ लोग सांसद चंद्रशेखर के पक्ष में भी नजर आए। लाइव में रोहिणी ने कहा कि वह एक नया अभियान शुरू कर रही हैं। मैं एक हजार महिलाओं की गैंग तैयार कर रही हूं जो धोखेबाजों से लड़ने और स्वाभिमान की रक्षा करने के लिए। जो भी बहन या बेटी अपने हक के लिए लड़ना चाहती है या किसी मुसीबत में है, वो मुझसे जुड़े। मामले में सांसद चंद्रशेखर ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट से डॉ. रोहिणी के द्वारा पोस्ट की गई ऑडियो को री पोस्ट करते हुए लिखा कि इस एआई जनरेट ऑडियो की निष्पक्ष जांच कराई जाएं, सच्चाई जितनी जल्दी सामने आए, उतना बेहतर। साथ ही इसे कमिश्नर ऑफ देहली को टैग किया है।

## क्या है पूरा विवाद

करीब तीन महीने पहले डॉ. रोहिणी घावरी ने सोशल मीडिया पर सांसद चंद्रशेखर पर यौन उत्पीड़न और मानसिक शोषण के आरोप लगाए थे। इसके बाद उन्होंने राष्ट्रीय महिला आयोग में शिकायत दर्ज कराई, जिस पर आयोग ने संज्ञान भी लिया।

रोहिणी का कहना था कि कानूनी लड़ाई शुरू हो चुकी है, सच सामने आकर रहेगा। स्वाभिमान और सम्मान के लिए लड़ूंगी, पीछे नहीं हटूंगी।

## कौन हैं डॉ. रोहिणी घावरी

इंदौर की रहने वाली डॉ. रोहिणी घावरी एक सफाईकर्मी की बेटी हैं। साल 2019 में हायर एजुकेशन के लिए स्विट्जरलैंड गईं, जहां उन्होंने अपनी पढ़ाई के दौरान चंद्रशेखर से संपर्क बनाया। करीब तीन साल तक दोनों रिलेशनशिप में रहे, बाद में विवाद बढ़ने पर रिश्ता टूट गया।

वर्तमान में रोहिणी स्विट्जरलैंड में जॉब कर रही हैं और एक एनजीओ भी चला रही हैं।

---

# रिटायर्ड जिला आबकारी अधिकारी भदौरिया के दो लॉकर से मिला 3.84 करोड़ का सोना

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश के इंदौर के रिटायर्ड जिला आबकारी अधिकारी धर्मेंद्र सिंह भदौरिया के बेटे और बेटी के नाम पर खुले लॉकर ने सोना उगला है। इस बार 3.658 किलो सोना मिला है। इसकी कीमत तीन करोड़ 84 लाख के करीब आंकी गई है। इस तरह भदौरिया की अब तक की संपत्ति 29 करोड़ को छू गई है। जांच जारी है। लोकायुक्त कार्रवाई में भदौरिया के पास अब तक 10 करोड़ से ज्यादा कीमत का करीब नौ किलो सोना मिल चुका है।

**इसके पहले लॉकर से भी मिल चुका सोना**–इसके पहले लोकायुक्त द्वारा 17 अक्टूबर को को बैंक ऑफ बड़ौदा का सूर्यांश भदौरिया और उनकी माताजी सीमा भदौरिया का लॉकर खुलवाकर गहने जप्त किए गए थे। इसमें कुल 886 ग्राम वजनी गहने मिले, जिसकी कीमत 79,23,698 रुपए आंकी गई। कुल पांच बैंक लॉकर थे जिसमें से एक ग्वालियर का था जो खाली था, वहीं चार इंदौर में थे जिसमें से एक आईसीआईसीआई बैंक का खाली था।





### बेटे और बेटी के लॉकर से ऐसे मिला सोना

लोकायुक्त इंदौर पुलिस के जांच अधिकारियों ने यह सोना पूर्व आबकारी अधिकारी धर्मेंद्र सिंह भदौरिया की बेटी अपूर्वा, बेटे सूर्यांश और बहू मिनी शुक्ला के लॉकर से जब्त किया है। जांच में सहयोग नहीं देने पर लोकायुक्त जिला कोर्ट से विशेष आदेश लेकर आया जिसमें वह लॉकर खोल सकते थे। हालांकि, आरोपी पक्ष के परिजन आ गए। शुक्रवार को देवास नाका स्थित केनार बैंक का लॉकर लोकायुक्त निरीक्षक रेणु अग्रवाल द्वारा खुलवाया गया जो बेटी अपूर्वा के नाम पर है, उसमें से दो किलो की गोल्ड ज्वेलरी मिली। वहीं एचडीएफसी बैंक पलासिया की ब्रांच में डीएसपी सुनील तालान ने कार्रवाई की। यह लॉकर बेटे सूर्यांश के नाम पर है, लॉकर से 1.658 किलो गोल्ड ज्वेलरी मिली। इस तरह कुल 3.658 किलो सोना मिला जो करीब 3.84 करोड़ का है।

**कुल तीन लॉकर से मिला 4.55 किलो सोना**–धर्मेंद्र भदौरिया के परिजनों के नाम पर तीन बैंक लॉकर से लोकायुक्त को कुल 4.55 किलो सोना मिला है, जिसकी कीमत चार करोड़ 63 लाख रुपए आंकी गई है। इसके पहले भदौरिया के कैलाशकुंज स्थित निवास से 15 अक्टूबर को हुए लोकायुक्त छापे में पांच करोड़ 48 लाख की कीमत का चार किलो 221 ग्राम सोना मिला था।

---

# भावांतर योजना में सोयाबीन खरीदी शुरू, लेकिन मॉडल रेट अभी नहीं; किसानों को डर, भाव ना गिरा दें व्यापारी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मध्य प्रदेश में किसानों को सोयाबीन का उचित भाव दिलाने के लिए भावांतर योजना लाई गई थी। वहीं इसके तहत खरीदी आज, 24 अक्टूबर से शुरू हो गई है। मंडियों में किसानों का माल तेजी से पहुंचने लगा है, लेकिन अभी तक इस योजना के लिए मॉडल रेट सामने नहीं आया है। इससे योजना के तहत पंजीकरण कराने वाले किसान असमंजस में हैं। इसी रेट के आधार पर ही उन्हें मुआवजा राशि मिलना है। भावांतर योजना के तहत किसान 24 अक्टूबर से 15 जनवरी तक उपज को बेच सकेंगे। इन्हें मॉडल रेट और एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) के बीच का अंतर शासन देगी। उधर मंडी सचिव इंदौर रविवीर किरार ने बताया कि 24 अक्टूबर से भावांतर में खरीदी शुरू हुई है। इसमें 15 दिन के औसत मूल्य देखे जाएंगे। यह सात नवंबर तक देखकर फिर मॉडल रेट प्रदर्शित किए जाएंगे। उधर किसानों को इस बात की आशंका है कि भावांतर योजना के तहत जिले में पंजीकृत 46 हजार किसान माल लेकर आएंगे। मंडियों में एक साथ माल आने से व्यापारी कम मूल्य लगाएंगे और व्यापारियों से प्लांट वाले भी कम भाव पर माल लेंगे।



ऐसे में कीमत गिरेगी और यह उपज मॉडल रेट से भी काफी नीचे खरीदी जाएगी। हालांकि अधिकारी तर्क दे रहे हैं कि ऐसी कोई सांठगांठ नहीं चलने दी जाएगी और सभी को उनकी उपज का वाजिब मूल्य दिलाया जाएगा। सरकार ने पहले ही साफ कर दिया है कि भावांतर योजना के तहत वही उपज आएगी जो एफएक्यू यानी औसत गुणवत्ता वाली होगी। सरकार ने एमएसपी 5328 रुपए तय किया है। मुआवजा मॉडल रेट और एमएसपी के अंतर से मिलेगा। जैसे- यदि मॉडल रेट 4500 रुपए तय हुआ और किसान की उपज 4400 रुपए में बिकती है तो उसे मॉडल रेट 4500 और एमएसपी 5328 रुपए का अंतर यानी 828 रुपए दिया जाएगा। यदि किसान की उपज 4600 में बिकती तो फिर वास्तविक उपज मूल्य 4600 और एमएसपी 5328 का अंतर यानी 728 रुपए मिलेगा। लेकिन यह केवल एफएक्यू वाली गुणवत्ता की फसल को ही दिया जाएगा। मध्यप्रदेश भावांतर पर मंत्री करण सिंह वर्मा के तर्कों से भड़के सीएम मोहन यादव, बोले- व्यापारी कम में सोयाबीन खरीदी करेंगे तो आप क्या करेंगे? इस योजना के तहत मुआवजा राशि की व्यवस्था कैसे होगी

---

# अवैध खनन करने वाले बड़े लोगों से 55 करोड़ की वसूली के कलेक्टर ने दिए आदेश

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर में चल रहे अवैध खनन की कमर तोड़ने के लिए सख्ती शुरू हो गई है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने इस मामले में अर्थदंड नहीं भरने वालों पर नकेल कसना शुरू कर दी है। इसके तहत एक साल के जितने भी केस में भारी राशि लगी है, इनकी वसूली के आदेश हो गए हैं। यह राशि 55 करोड़ रुपए से अधिक है।

उषा चौहान- 28 करोड़ 56 लाख

मेसर्स बालाजी स्टोन- 16 करोड़.64 लाख

मांगीलाल- पांच करोड़ 90 लाख रुपए

आद्या हर्बल- तीन करोड़ 24 लाख

मुन्ना उर्फ असलम- 48.48 लाख

हरिनारायण- 42 लाख 63 हजार

सत्यम पटेल- 32 लाख 45 हजार

इसके साथ ही दिनेश नागर, संजय चौहान से भी इंदौर में अवैध खनन पर वसूली के आदेश हुए हैं।

**संजय शुक्ला केस की सुनवाई फिर शुरू**–उधर पूर्व विधायक और अब बीजेपी में शामिल संजय शुक्ला को भी 140 करोड़ के अवैध खनन केस में अभी राहत नहीं मिली है। इस मामले में पक्षकार मेहरबान सिंह की मौत हो चुकी थी और पत्नी हाईकोर्ट गई थी कि केस की सुनवाई रोकी जाए, लेकिन हाईकोर्ट ने याचिका खारिज कर दी और इंदौर जिला प्रशासन को इस केस में सुनवाई जारी रखने की बात कही है। इसके बाद फिर से इस केस में सुनवाई शुरू हो गई है।





**ये है मामला**–जनवरी 2024 में 140 करोड़ 63 लाख रुपए के अवैध खनन को लेकर शुक्ला के साथ कई अन्य लोगों को नोटिस जारी किया गया था। इसमें संजय शुक्ला के भाई राजेंद्र शुक्ला, ईडन गार्डन गृह निर्माण सोसायटी के अध्यक्ष निलेश पंसारी व खनन करने वाले मेहरबान सिंह शामिल थे। कुछ समय पूर्व मेहरबान सिंह की मौत हो गई। उनकी पत्नी कलाबाई ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। इसमें उन्होंने मेहरबान सिंह के वारिसों से वसूली करने पर रोक की मांग की थी। इस पर इंदौर हाईकोर्ट ने सुनवाई करते हुए इस मांग को खारिज कर दिया। साथ ही कहा कि वसूली नोटिस पर पहले ही पक्षकारों ने जवाब दे दिए हैं। जब अन्य भी इसमें हैं तो एक को केस से अलग नहीं कर सकते। साथ ही अपर कलेक्टर, जिला प्रशासन को केस को यथावत चलाने की मंजूरी दी।

---

# चूहे और अखंड ज्योत से लगी आग, प्रवेश अग्रवाल की मौत का बना कारण

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● सौम्या व्हीकल्स के मालिक और इंदौर के कांग्रेस नेता प्रवेश अग्रवाल का गुरुवार, 24 अक्टूबर को आग में घिरने से मौत हो गई। यह आज सुबह करीब साढ़े पांच बजे उनके पेंटहाउस में लगी थी। इस भयानक हादसे में उन्होंने अपनी जान पर खेलकर पत्नी श्वेता और छोटी बेटी मनाया को बचा लिया था। इस घटना में गंभीर रूप से घायल बड़ी बेटी सौम्या को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहीं, सौम्या अब खतरे से बाहर है। घर की फॉरेंसिक जांच में आग लगने की आशंका चौंकाने वाली मानी जा रही है। उधर शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष निगम और शहराध्यक्ष चिंटू चौकसे, जिलाध्यक्ष विपिन वानखेड़े व अन्य नेता शोक जताने के लिए उनके भाई के निवास पर पहुंचे।

**चूहों के कारण ऐसे लगी आग**–फॉरेंसिक जांच के दौरान घर में कई चूहे भी मृत मिले है। वहीं परिजनों ने पुलिस को बताया कि अखंड ज्योत कुछ दिनों से जल रही थी। आशंका व्यक्त की जा रही है कि चूहों के कारण ही अखंड ज्योत का दिया गिर गया होगा। इससे आग लगी और फिर आग फैल गई। फॉरेंसिक टीम ने घर से जला हुआ सामान, वायरिंग आदि भी जांच में लिया है। हालांकि एक वजह एसी से शॉर्ट सर्किट होने की भी सामने आ रही है।

**इस तरह हुई घटना, बेटी सौम्या को ऐसे बचाया**–यह घटना करीब साढ़े चार से पांच बजे के बीच हुई बताई जा रही है। पेंटहाउस के पास ही उसी फ्लोर में रहने वाले उनके गार्ड के बेटे ने करीब पांच से सवा पांच बजे के बीच खिड़की से आग निकलती देखी। इस पर उनके करीबी और सभी काम संभालने वाले राघवेंद्र सिंह को फोन लगाया गया, फिर राघवेंद्र ने उनके मित्र शैलेष गर्ग को फोन किया। सिंह पांच मिनट में ही मौके पर पहुंच गए। इसी दौरान उन्होंने अंदर जाकर बेटी सौम्या को बचाया और उसे साथ लेकर बाहर निकले। इस दौरान पूरे घर में धुआं था और इससे उनकी हालत भी खराब हुई और उल्टियां होने लगीं। वे जैसे-तैसे सौम्या को लेकर बाहर आ गए और सीधे बॉम्बे अस्पताल पहुंचे। इसी दौरान उन्होंने टीआई लसूडिया तारेश सोनी को फोन किया और एफआरवी भेजी गई।






### प्रवेश ने पत्नी, बेटी को निकाला, फिर बड़ी बेटी के लिए गए

शैलेष गर्ग और राघवेंद्र सिंह ने बताया कि प्रवेश ने भाभी श्वेता और छोटी बेटी मनाया को बाहर निकाला था। इसके बाद वे अंदर बड़ी बेटी को बचाने गए थे। साथ ही चाबी भी ढूंढ रहे थे, जिससे अंदर का बड़ा कांच का गेट खुल जाए और सारा धुआँ बाहर निकल सके। वहीं, इसी दौरान धुएँ में घिरने से वे बेहोश हो गए। सुबह करीब पांच बजकर 58 मिनट पर गार्ड व अन्य लोग प्रवेश को लेकर नीचे आए। यहां उन्हें करीब एक मिनट तक सीपीआर देकर बचाने की कोशिश की गई, फिर पुलिस की गाड़ी से अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।